CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 21 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 23°C

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# रोटी, परांठा, दूध, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

## जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 % व 18 % होंगे, 22 सितम्बर से लागू होंगे बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितम्बर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। हालांकि तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। होटल के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वो भी तब जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7500 रुपये या उससे कम हो। सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जैसे जिम, सैलून, नाई की दुकान, योग सेंटर आदि, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है। कैसिनो, रेस क्लब, या जहां कैसिनो और रेस क्लब हों, या फिर खेल इवेंट्स जैसे आईपीएल में एंट्री के लिए जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।




- जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में लिया गया फैसला
- आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी व कार भी होंगी सस्ती
- होटल कमरों की बुकिंग सस्ती

### स्टेडियम में आईपीएल देखना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कैसिनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर 100 रुपये तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपये से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

# बारिश से पहाड़ों पर तबाही का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कहा: प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही
- केंद्र सरकार, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व पंजाब सरकार को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं।

## आतंकी फंडिंग केस में शबीर शाह को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शाह ने आतंकी फंडिंग केस में स्वास्थ्य कारणों से राहत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे ठुकरा दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाह दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें उन्हें जमानत देने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ के सामने वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने शाह की ओर से दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें तुरंत अंतरिम जमानत की जरूरत है। इस पर जस्टिस नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आज ही उन्हें छोड़ देना चाहिए?

## विजयवाड़ा से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया

**बेंगलुरु।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8.15 बजे का था। विमान को 9.40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले तीन दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई है।

## पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुए पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस एप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी। सट्टेबाजी एप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट, फेयरप्ले, परिमैच व लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## अस्पताल में चूहों के काटने से नवजात शिशुओं की मृत्यु शर्मनाक: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा कि इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत, यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, फ्लाईओवर धंसा

### राहत शिविर डूबे, पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है।

मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितम्बर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितम्बर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। राजस्थान के अजमेर में जवाहर लाल नेहरू हास्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

## SC ने थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी का लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों के सामने आए मामलों के मद्देनजर देशभर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर गुरुवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस संबंध में एक आदेश पारित किया। पीठ ने 2025 में बीते आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में कथित तौर पर 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर यह स्वत: संज्ञान कार्रवाई शुरू की। शीर्ष अदालत ने हिरासत में मौत से संबंधित एक मामले (परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह) में दिसम्बर 2020 में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि हर पुलिस थाने में नाइट विजन की क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

सभी देशवासियों को मां नंदा देवी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं














































# किशोरी को शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

## शादी से मुकरने के बाद दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र में किशोरी को शादी का झांसा देकर लगातार शोषण किए जाने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक प्रेम जाल में फंसा कर शादी का भरोसा देता रहा। बताया गया कि बीते एक साल से आरोपी किशोरी का शारी. रिक शोषण करता रहा। जब दोनों परिवारों के बीच शादी की बात उठी तो शुरुआत में आरोपी का परिवार राजी हो गया, लेकिन अब अचानक अपना रुख बदलते हुए न केवल शादी से इंकार कर रहा है, बल्कि किशोरी और उसके परिवार को तरह-तरह से धमका रहा है।

परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक की मां, पिता और चाचा तक मिलकर किशोरी को धमकियां दे रहे हैं। किशोरी पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह चुप रहे, वरना उसे और उसके परिवार को गंभीर अंजाम भुगतना होगा। इतना ही नहीं हाल ही में आरोपी ने किशोरी को मिलने के बहाने बुलाकर मारपीट की और जबरन उसका मोबाइल फोन छीन लिया, जिसमें कई अहम सबूत मौजूद थे।

परिवार का कहना है कि किशोरी के पिता का निधन पहले ही हो चुका है। ऐसे में मां और बेटी अकेले इस पूरे मामले से जूझ रही हैं और लगातार असुरक्षित महसूस कर रही हैं। पीड़िता की मां का कहना है कि आरोपी और उसके परिजनों द्वारा न केवल उसकी बेटी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

पीड़िता की मां ने पुलिस से गुहार लगाई है कि आरोपी युवक और उसके परिजनों पर मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसकी नाबालिग बेटी को न्याय मिल सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कायम रह सके। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## नायब तहसीलदार की मृत्यु पर शोक

**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन की बैठक तहसील परिसर में हुई। बैठक में बिजनौर में तैनात नायब तहसीलदार राजकुमार द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम से मृत्यु हो जाने पर अत्यंत दुख जताया। बैठक में हरिश्वर सिंह एडवोकेट ने कहा कि इस घटना से प्रत्येक अधिवक्ता स्तब्ध है तथा इस घटना से गहरा दुख हुआ पहुंचा है। बैठक में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में अनुरोध किया गया कि समस्त पीठासीन अधिकारीगण गहरे दुख की इस घड़ी में किसी भी पत्रावली में कोई प्रतिकूल आदेश पारित न करें। अध्यक्षता एसो. अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट ने की व संचालन हरिश्वर सिंह एडवोकेट (महासचिव) ने किया। इस बैठक में सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# पुरानी पेंशन के लिए सामूहिक उपवास आज

## अटेवा पुरानी पेंशन के लिए निरंतर संघर्षरत : चंद्रहास सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय आह्वान पर कल (आज) होने वाले सामूहिक उपवास की सफलता को लेकर आईटीआई बिजनौर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं जिला मंत्री आशीष सक्सेना के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। संघर्ष के क्रम में कल (आज) राष्ट्रीय आह्वान पर प्रात: 11 बजे इंदिरा बाल भवन में शिक्षक एवं कर्मचारी सामूहिक उपवास रख कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। एनपीएस-यूपीएस केवल पूंजीपतियों को मजबूत करने की स्कीम है। जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से सामूहिक उपवास में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, करन वीर सिंह, सुभाष बाबू राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, तेजपाल सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, अबरार हुसैन, कामता प्रसाद, संजीव कुमार, विजय पाल सिंह, अमित कुमार, राज सिंह, डॉ. सुनील कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्रिसेंट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



## शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन, उप-प्रबंधक मरगूब अहमद, प्रिंसिपल नदीम बख्त तथा एकेडमिक इंचार्ज शाहजाद खान ने शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें स्वागत गीत, कविताएं, नाटिका एवं भाषण शामिल रहे। छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करते हुए माहौल को भावनात्मक बना दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनके मार्गदर्शन के बिना विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। शिक्षणेत्तर इंचार्ज शहजाद खान ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पहले उन्होंने विद्यालय कमेटी अध्यक्ष जनाब साईम राजा का एक संदेश भी बच्चों को पढ़कर सुनाया।

# गंगा बैराज पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन

## भुर्जी समाज ने नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भुर्जी समाज के तत्वाधान में भगवान श्री गणेश की मूर्ति का भुर्जी समाज के लोगों द्वारा गंगा बैराज पहुंचकर विसर्जन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला ऊंचा में चल रही भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना का समापन आज हुआ। पूजा अर्चना की समाप्ति के बाद भुर्जी समाज के लोग गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन के लिए ढोल नगाड़ों बाजों के साथ निकले। श्री गणेश जी की शोभा यात्रा मोहल्ला ऊंचा, गुली तालाब, सब्जी मंडी, चौधरियान, सतनाम डेरी, अफगानान, पीर की चुंगी से होती हुई हल्दौर चौराहा पहुंची। जहां छोटा हाथी के माध्यम से भुर्जी समाज के लोग मूर्ति का विसर्जन करने के लिए गंगा बैराज ले गए।

इस मौके पर मनोज चंद्रा, गुड्डू चंद्र, देवेन्द्र चंद्रा, अशोक चंद्रा, राजन चंद्रा, राजेश चंद्रा, बबलू चंद्रा, बैकुंठ चंद्रा, दिनेश चंद्रा, सोनू चंद्रा, मोनू चंद्रा, राजकमल चंद्रा, नवीन चंद्रा, नरेश चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

इसके अलावा मौहल्ला जोशियान में पंडित मनोज शर्मा के आवास पर चल रही भगवान गणेश की पूजा का समापन होने पर मौहल्ले वासियों ने श्री गणेश की मूर्ति को विसर्जन के लिए ढोल नगाड़ों के साथ गंगा बैराज ले गए। गंगा बैराज पर ले जाकर गंगा बैराज में मूर्ति का विसर्जन कर दिया। शोभा यात्रा में गणेश बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना आदि धार्मिक उद्घोषों के साथ नगर का माहौल भक्तिमय हो गया।

# ग्राम पंचायत में विवाद निपटाने वाले प्रधान पर ही मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम पंचायत में विवाद निपटाने वाले प्रधान पर मुकदमा दर्ज होने से जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

थाना क्षेत्र के ग्राम मंसूर सराय निवासी एक महिला का अपने पति संग ग्राम पंचायत चकमहदूद सानी से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इस विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए ग्राम चकमहदूद सानी के प्रधान कासिम अंसारी और ग्राम मंसूर सराय के पूर्व प्रधान नफीस अंसारी के पास दोनों पक्ष पहुंचे थे। ग्राम प्रधानों ने दोनों की सहमति से विवाद का निस्तारण करवा दिया। लेकिन कुछ दिन बाद महिला पक्ष ने अचानक अपना रुख बदलते हुए पुलिस को एक प्रार्थना पत्र सौंप दिया। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। हैरानी की बात यह रही कि इस तहरीर में ग्राम प्रधान कासिम अंसारी का नाम भी आरोपियों में शामिल कर दिया गया। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया है।

इस घटना के बाद नगर और क्षेत्र में गहरी चर्चाएं शुरू हो गईं। लोगों का कहना है कि यदि कोई ग्राम प्रधान जनप्रतिनिधि या नगर का सम्मानित नागरिक किसी विवाद का समाधान करता है और बाद में उन्हीं पर झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए जाते हैं। तो ऐसे में अब कौन आगे आकर लोगों के बीच सुलह कराने की हिम्मत करेगा। ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों का समाज में बेहद महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। थानों में समय-समय पर अमन कमेटी की बैठकें भी इन्हीं लोगों की मौजूदगी में होती हैं, ताकि नगर और क्षेत्र की शांति व्यवस्था को बनाए रखा जा सके। जब समाज में मान प्रतिष्ठा रखने वाले व्यक्तियों पर ही इस तरह के झूठे आरोप लगेंगे तो न केवल सामाजिक सौहार्द प्रभावित होगा, बल्कि लोगों के आपसी विवाद थानों और अदालतों तक पहुंचकर और अधिक बढ़ेंगे। इस मामले से क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और सम्मानित नागरिकों में आक्रोश व निराशा व्याप्त है।

# कुत्ते का शिकार करने आया गुलदार कुएं में गिरा

## वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर निकाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे गुलदार के आतंक के बीच ग्राम शेरपुरा जमाल में बीती देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

गांव में आबादी के बीच घुस आए एक गुलदार ने किसान राजवीर सिंह पुत्र जगदीश सिंह के पालतू कुत्ते पर हमला बोल दिया। किसान अपने कुत्ते को रोज की तरह सड़क पर टहला रहा था। इसी दौरान गुलदार ने हमला कर कुत्ते को दबोच लिया। कुत्ते को लेकर भाग रहे गुलदार की बदकिस्मती रही कि वह अंधेरे में पास के गहरे कुएं में जा गिरा। कुत्ते की चीख-पुकार और कुएं से निकल रही आवाजों को सुनकर गांव के लोग मौके पर दौड़े और जब कुएं में झांका तो गुलदार और कुत्ता दोनों कुएं के अंदर थे। ग्रामीणों ने फौरन इस घटना की सूचना प्रशासन और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही आधी रात के बीच वन विभाग की टीम डिप्टी रेंजर विजय भारत सिंह, हरदेव सिंह, वन दरोगा तेजपाल सिंह, नरेश कुमार तथा पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की भीड़ के बीच घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। आखिरकार टीम ने सावधानीपूर्वक गुलदार और कुत्ते दोनों को सकुशल कुएं से बाहर निकाल लिया।

घटना से ग्रामीणों में दहशत और भय का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गांवों में गुलदार की दस्तक से किसान और बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं इस पूरे मामले पर डिप्टी रेंजर विजय भारत सिंह ने बताया कि गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। उसका स्वास्थ्य परीक्षण और प्राथमिक इलाज कराने के बाद उसे जंगलों में सुरक्षित छोड़ दिया है।

# नंहेडा में टीम ने की विकास कार्यों की जांच

## ग्रामीणों ने की थी डीएम से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर नंहेड़ा में विकास कार्यों में धांधली करने की शिकायत पर समाज कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने गांव पहुंचकर विभिन्न बिंदुओं पर शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में जांच की।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर नंहेड़ा के शहजाद अहमद, रईस अहमद, इरफान अहमद, मौहम्मद इजरा. इल, सलमान अहमद, फिरोज अहमद, शहजाद अहमद आदि ने गांव में कराए गए विकास कार्य के तहत खड़ंजे में पुरानी ईटें लगाने, सीसी रोड में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाने, घटिया सोलर लाइट लगाने, नल और ठेली मरम्मत में धांधली करने व नाला निर्माण और तालाब की सफाई के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने व अपात्र व्यक्तियों का शौचालय बनाने आदि का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से 15 मई को शिकायत की थी। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच के रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। आज जिला समाज कल्याण अधिकारी जगदेव सिंह, जेई देवेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव दीप अमर राही, पंकज सैनी ने जांच करने के लिए गांव पहुंचे और उन्होंने शिकायत के विभिन्न बिंदुओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जांच की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# किशोरी से जोर जबरदस्ती करने वाले को साढ़े तीन साल की सजा

**बिजनौर।** विशेष सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) प्रकाश. चंद्र शुक्ला ने घर में घुस कर सोते समय किशोरी के साथ बुरी नीयत से जबरदस्ती करने के मामले में परम सिंह को दोष सिद्ध मानकर तीन वर्ष छह माह की कैद और 30 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अर्थदंड की राशि में से 20 हजार रुपए पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक योगेंद्र कुमार के अनुसार एक किशोरी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि वह नौ जून 2021 की रात को अपने घर में सो रही थी। देर रात उसका पड़ोसी परम सिंह उसके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इसी दौरान पीड़ित ने शोर मचा दिया, जिस पर उसके पास सो रहा उसका भाई व परिजन जाग गए। परिजनों को आता देख परम सिंह मौके से भाग गया। इस मामले में परम सिंह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। न्यायाधीश प्रकाशचंद्र शुक्ला ने परम सिंह को दोष सिद्ध पाकर सजा सुनाई है।

# महिला ने बीच सड़क कर दी टैक्सी ड्राइवर की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** मामूली सड़क हादसे ने उस समय तूल पकड़ लिया जब एक महिला ने अपनी स्कूटी से टकराने वाली टैक्सी के ड्राइवर और उसकी कार पर अपना गुस्सा उतार दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महिला हेल्मेट से ड्राइवर पर हमला करती और कार के शीशे तोड़ती नजर आ रही है।

घटना मुरादनगर की एक व्यस्त सड़क पर हुई, जहां एक महिला अपनी स्कूटी पर जा रही थी। इसी दौरान उसकी स्कूटी एक टैक्सी कार से हल्के से टकरा गई। मामूली टक्कर होने के बावजूद महिला का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उसने तुरंत अपनी स्कूटी सड़क पर खड़ी की, हेल्मेट उतारा और टैक्सी ड्राइवर पर हमला बोल दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला ने हेल्मेट से ड्राइवर के सिर पर कई बार प्रहार किया। इतने पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने टैक्सी के शीशे तोड़ डाले।

आसपास मौजूद लोगों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और महिला को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन महिला का गुस्सा इतना प्रचंड था कि वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। वीडियो में देखा गया कि टैक्सी ड्राइवर बेचारा अपनी जान बचाने के लिए हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा, लेकिन महिला ने उसकी एक न सुनी। आखिरकार, ड्राइवर किसी तरह वहां से खिसक गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग महिला के गुस्से को जायज ठहरा रहे हैं, उनका कहना है कि सड़क पर लापरवाही बरतने वाले ड्राइवरों को सबक सिखाना जरूरी है। वहीं, कुछ लोग महिला की इस हरकत को गलत बता रहे हैं, उनका मानना है कि मामूली टक्कर के लिए इतना बड़ा हंगामा करना और हिंसा का सहारा लेना अनुचित है। एक यूजर ने मजाक में लिखा, "जान बची तो लाखों पाए, गाड़ी का क्या है, ठीक करा लेगा!"

अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज होने की जानकारी नहीं मिली है। गाजियाबाद पुलिस ने इस वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है और जांच शुरू करने की बात कही है। मुरादनगर थाना प्रभारी ने बताया कि वे इस घटना की पूरी जानकारी जुटा रहे हैं और दोनों पक्षों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। यदि शिकायत दर्ज होती है, तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह घटना सड़क पर बढ़ते रोड रेज (सड़क क्रोध) के मामलों को एक बार फिर सामने लाती है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/III/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 159-DRM-MB-25-26 Dt : 03.09.2025 |
| कार्य का नाम | TSR(P)-18.11 TKM by TRT & other miscellaneous works in the section of ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.09.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 1,81,23,348.22 |
| धरोहर राशि | 2,40,600.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.09.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months |

टेन्डर नं- 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 03.09.2025 2681/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 160-DRM-MB-25-26 DATE 04.09.2025 |
| कार्य का नाम | Widening and standardisation of cess in KM 1186-1284 including cess repair at vulnerable locations and bridge approaches under ADEN SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.09.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 1,58,99,545.52 |
| धरोहर राशि | 2,29,500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.09.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months |

न.75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 04.09.2025 2702/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्रॉफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 90-DRM-MB-25-26 dt. 04.09.2025 | 154-DRM-MB-25-26 dt. 04.09.2025 |
|---|---|---|
| Name of Work | Heavy repair to colony drains & provision of Boundary wall/Protection Wall in North Colony MB under ADEN/HQ/MB. | Upgradation/Modernisation of Infrastructure at new goods shed at Dabtara station |
| Tender Closing Date Time | 29.09.2025 | 29.09.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 79,99,996.55 | 2,59,99,659.64 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,60,000.00 | 2,80,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 15.09.2025 | 15.09.2025 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month |

No. 75-W/2/3/WA/Publication Dated: 04.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2688/25

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 02.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 02-GSU-MB-25-26 DATE 02.09.2025 |
| कार्य का नाम | Appointment of project supervision services agency (PSSA) for providing services for Various projects under Gati Shakti unit at Moradabad Division of Northern Railway. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.10.2025 at 15:30 Hrs |
| अनुमानित लागत | 4,03,07,193.47 |
| धरोहर राशि | 3,51,500.00 |
| प्री-बिड स्टार्ट तिथि | 15.09.2025 at 11:30 Hrs |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.10.2025 |
| आफर की वैधता | 120 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 Months |

2700/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# क्रेन ने मां व बेटे को कुचला

## सैकड़ों ग्रामीणों का कोतवाली में प्रदर्शन, हंगामा






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** क्रेन ने मां व बेटे को कुचल दिया। बेटे की मौके पर ही मौत हो गई और मां ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम करीमपुर नंगली निवासी खूबचंद अपनी पत्नी सरिता (30 वर्ष) व बेटे अक्की (सात वर्ष) के साथ बाइक से जा रहा था। वह फाइनेंस कम्पनी का काम निपटाकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान बाइक खराब हो गई। वह पैदल ही बाइक लेकर जा रहे थे। उन्हें आगे चल कर बाइक सही करानी थी। इस बीच बीके गार्डन के समीप तेज रफ्तार क्रेन चालक ने मां व बेटे को टक्कर मार दी। बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सरिता को अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई। जैसे ही ग्रामीणों को इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिली, तो कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण शहर कोतवाली में पहुंच गए। उन्होंने हंगामा करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। पुलिस ने बामुश्किल उन्हें समझाया।

# नगीना व नजीबाबाद में दूषित मांस की बिक्री

## मांस के सप्लायर व विक्रेताओं से वसूला जा रहा मोटा महीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** योगी सरकार में भी मांस विक्रेताओं का दुस्साहस इतना ज्यादा बढ़ा हुआ है कि वह ग्राहकों को बासी व बदबूदार मांस बेच रहे है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा न तो मांस सप्लायरों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है और न ही मांस विक्रेताओं की दुकानों से बिक्री के लिए रखा गया मांस कब्जे में लेकर उसका सैम्पल जांच के लिए भेजा जा रहा है।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना व नजीबाबाद में मांस विक्रेताओं के द्वारा नियमों को ताक पर रख कर मांस की बिक्री की जा रही है। लाइसेंस की शर्तों के मुताबिक इनकी दुकानों पर न तो चालू हालत में फ्रीज रखा रहता है और न ही साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था रहती है। एक तरफ सप्लायरों के द्वारा बासी मांस लाकर बेचा जाता है और जो मांस बिक्री से बच जाता है, उसे विक्रेता फ्रीज में रख कर चले जाते हैं। वैसे तो सभी विक्रेताओं के पास बड़े फ्रीजर भी नहीं है। जिन के पास है, उनके यहां लाइट भागने पर जनरेटर की व्यवस्था भी नहीं है। जब कई घंटे के लिए लाइट भाग जाती है, तो इस बासी मांस में से बदबू आने लगती है। यह खाने लायक नहीं रहता है। लेकिन मांस विक्रेता ग्राहकों की आंखों में धूल झौंकते हुए इसे ताजा बता कर बेच देते हैं। जब इस मांस को बनाया जाता है, तो इसका जायका भी बदल जाता है। बरसात के मौसम में इस दूषित व बासी मांस को खाकर लोग बीमार हो रहे है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा न तो बदबूदार मांस को कब्जे में लेकर दफनवाया जाता है और न ही इसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाते हैं। मांस विक्रेताओं एवं सप्लायरों के लाइसेंस के लिए शर्तें निर्धारित की गई है। लेकिन इन शर्तों का एक प्रतिशत भी पालन नहीं हो पा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने महीना बांध रखा है। किरतपुर, नजीबाबाद व नगीना में सफेदपोश दलाली कर रहे है। इनके द्वारा महीना वसूला जाता है। यह मांस विक्रेताओं के साथ-साथ मिलावटी दूध व मिठाईयां बेचने वालों से भी उगाही करते है। इन्हें ग्राहकों की जान की कोई परवाह नहीं है।

# विद्युत पोल से गिरे लाइनमैन का इलाज के दौरान निधन

## मेरठ के एक निजी अस्पताल में थे भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** बीती पच्चीस तारीख को एलटी लाईन के विद्युत पोल में अचानक करंट आने से गिरे लाइनमैन वेदप्रकाश का उपचार के दौरान निधन हो गया।

गांव नंगला माहेश्वरी निवासी वेदप्रकाश मंडावर बिजली घर पर निविदा पर लाईन मैन कार्यरत थे। बीती पच्चीस तारीख सुबह दस बजे के करीब वह मंडावर कस्बे में दयालवाला रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एलटी लाईन के विद्युत पोल पर चढ़ कर लाईन ठीक कर रहे थे।

इसी दौरान अचानक विद्युत लाईन में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर वह पोल से नीचे सड़क पर गिर गए थे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आस-पास के लोगों की सूचना पर पहुचे विद्युत कर्मचारियों ने वेद प्रकाश को जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहां से चिकित्स्कों ने गंभीर हालत देखते हुए मेरठ रैफर कर दिया था। बीती रात मेरठ के एक निजी अस्पताल में लाइनमैन का इलाज के दौरान निधन हो गया। ज्ञात हो कि वेद प्रकाश पिछले काफी समय से मंडावर बिजलीघर पर अपनी सेवाएं देते आ रहे थे। वह मेहनती व कुशल व्यवहार के व्यक्ति थे तथा अक्सर उन्हें देर रात में भी फॉल्ट ठीक करते हुए देखा जाता था।

# मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**बिजनौर।** स्थानीय चौधरी पुरम में रहने वाले युवा मेडिकल स्टोर संचालक भुपेन्द्र सिंह आज अपने घर की छत में बरसात की वजह से आई दरार में सीमेंट भरने के लिए काम कर रहे थे। उनके घर की छत के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत लाइन गुजर रही है। वह सीमेंट भरने के दौरान विद्युत लाइन की चपेट में आ गए। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। उनकी चीख निकल गई। परिजन फौरन ऊपर पहुंचे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। वहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। बताते है कि हाईवोल्टेज विद्युत लाइन की वजह से चौधरी पुरम कॉलोनी में आएदिन हादसे होते रहते है। पूर्व में एक व्यक्ति के दोनों हाथ झुलस गए थे। कॉलोनी के निवासी लगातार इस विद्युत लाइन को घरों के ऊपर से हटाने की मांग कर रहे है।

# फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी में शिक्षक दिवस

## शिक्षकों को मिला सम्मान




**थम्मन सिंह गहलौत**

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में उत्साह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्यार्थियों ने कक्षाओं को आकर्षक रूप से सजाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।

एकेडमी मैनेजर संघर्ष चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें मेहनत व अनुशासन के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें याद दिलाता है कि सदैव शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करने वाले विद्यार्थी ही आगे चल कर सफल नागरिक बनते है।

विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार ग्रहण करने चाहिए और बुराईयों से बचना चाहिए।

### एक नजर

## मीडिया प्रभारी बनाए गए सोनू



**नजीबाबाद।** श्री सिद्धिविनायक मंदिर मौहल्ला दरबारा शाह में भगवान श्री गणेश की स्थापना 27 अगस्त को श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति द्वारा की गई थी। लगातार 10 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव कार्यक्रम में आरती व पूजा अर्चना विधि विधान के साथ चल रही है। छह सितंबर को भगवान श्री गणेश की विसर्जन यात्रा शिव मंदिर स्टेशन से प्रारंभ होकर संतोषी माता टीला मंदिर पर समाप्त होगी। भगवान श्री गणेश की मूर्ति का विसर्जन हरिद्वार में किया जाएगा । इस संबंध में गणेश चौथ महोत्सव समिति की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में हुई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने और नए सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया गया। इसी कड़ी में पत्रकार सोनू आदित्य को समिति की सदस्यता दिलाई गई और उन्हें जिम्मेदारी देते हुए समिति का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। इस अवसर पर सोनू आदित्य द्वारा जानकारी दी गई कि समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह के मार्गदर्शन और गणेश चौथ महोत्सव समिति के लगातार सफल आयोजन से प्रेरित होकर मैंने श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति की सदस्यता ग्रहण की है।

## नूरपुर में चोर बेखौफ

**नूरपुर।** बाइक चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बाइक चोर बदमाशों को पुलिस का कोई डर नहीं है। चोरी की घटना को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। मौहल्ला हजरत नगर निवासी अब्दुल अजीज का पुत्र मौहम्मद सलीम अपने घर के बाहर बाइक खड़ी कर के अंदर गया था। चोर ने मौका पाकर बाइक पर हाथ साफ कर दिया। जब पीड़ित सलीम घर से बाहर आया, तो बाइक नहीं थी। पीड़ित सलीम ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस बाइक चोरों की तलाश में जुट गई हैं। नगर में बाइक चोरी होने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में बाइक चोरों का गिरोहों सक्रिय है। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर बाइक चोरों की तलाश की जा रही है।

## शिवाला कलां में कोमल अरेस्ट

**बिजनौर।** शिवाला कलां पुलिस ने ग्राम आराजी भैंसा निवासी कोमल पुत्र रमेश को गिरफ्तार किया है। वादिनी ने कल थाना शिवाला कलां में तहरीर दी थी कि आरोपी ने उसके घर में आ कर छेड़छाड़ की।

### एक नजर

## गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजा



**नजीबाबाद।** गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में सातवें वर्ष संतोषी माता मंदिर प्रांगण में स्थापित गणेश प्रतिमा के नौवें दिन आज गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजा हुई। पंडित अनिल ध्यानी और पंडित कुलदीप बिंजुल के निर्देशन में मुख्य यज्ञमान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, गणपति सेवा समिति के अध्यक्ष रिंकू कुशवाह, उमेश सैनी आदि ने विधि विधान से सातवें दिन में गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजन कराकर विश्व कल्याण की कामना की। एसडीएम और सीओ को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। गणपति प्रतिमा को डोले पर बैठाकर भव्य झांकी निकाली गई। शुरुआत में संतोषी माता मंदिर के गेट पर बंधी मटकी फोड़ी गई। झांकी देखने गए नगरवासियों के लिए संस्था की तरफ से प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रिंकू कुशवाह, भाजपा नेता राजन टंडन गोल्डी, तरुण राजपूत, सौरभ शर्मा, उमेश सैनी, योगेश रिशु, अमित कुशवाह, सोनू कुशवाह, सर्वेश लोधी, रोहित कुशवाह, देव सैनी, राजू कुशवाह, अनमोल लोधी, अंश लोधी, राजा सैनी, सौरभ कुशवाह, कमल सैनी आदि मौजूद रहे। चौकी प्रभारी राजेंद्र शर्मा की देखरेख में मालन नदी में विसर्जन किया गया।

## अफजलगढ़ में 3.11 लाख में नीलामी

**बिजनौर।** न्यायालय के आदेश पर थाना अफजलगढ़ में उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह की मौजूदगी में एमवी एक्ट व लावारिस हालत की 72 बाइकों की नीलामी की गई। जिनका अनुमानित मूल्य 1.66.100 रुपए था। सर्वोच्च बोली धामपुर के ग्राम जैतरा निवासी अवनीश कुमार पुत्र पिताम्बर सिंह के द्वारा 3.11 लाख रुपए की लगाई गई। उसके पक्ष में बोली स्वीकृत की गई। जबकि थाना किरतपुर में दो बाइकों की नीलामी उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार की मौजूदगी में की गई। दोनों बाइकों का अनुमानित मूल्य 10,700 रुपए था। जिसमें से बुलेट की नीलामी मौहम्मद सलीम पुत्र महबूब आलम निवासी ग्राम वाजिदपुर, थाना धामपुर के द्वारा सर्वाधिक 21,500 रुपए लगाने पर उसके पक्ष में स्वीकृत की गई। जबकि डिस्कवर बाइक की सर्वोच्च बोली शाहनवाज पुत्र शफीक निवासी मौहल्ला बुढ्ढी, थाना किरतपुर के द्वारा 10,100 रुपए लगाई गई। उसकी बोली को भी स्वीकृती प्रदान की गई।

## नगीना में किशोर को पकड़ा

**बिजनौर।** नगीना थाने में एक किशोर को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया है। 22 अगस्त को सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ बाइक सवार चार लोगों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। नगीना पुलिस ने इस पर संज्ञान लेते हुए 24 अगस्त को अभियुक्त नवाजिश को शस्त्र व बाइक के साथ दबोच लिया था। उसके साथ दो किशोर भी पकड़े गए थे। दरोगा सरवेज खां ने तीसरे किशोर को भी अभिरक्षा में ले लिया है।

## दो बच्चों की मां फरार

**नूरपुर।** नगर में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात एवं बीस हजार रूपए की नकदी लेकर प्रेमी संग फरार हो गये है। महिला अपने प्रेमी के साथ फरार होने से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। पति ने पुलिस में तहरीर देकर अपनी पत्नी को वापस दिलाने व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शिवसेना ने आईजी को भेजा पत्र



**अफजलगढ़।** रामगंगा व सैंडिल बांध की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। बांध क्षेत्र की फोटो और वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। शिवसेना ने आईजी मुरादाबाद को पत्र भेजकर सुरक्षा कड़ी करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि कालागढ़ स्थित सुरक्षा विभाग के आवास व बैरियर खाली पड़े हैं। बांध पर तैनाती न होने से बाहरी लोग आसानी से प्रवेश कर वीडियो बना रहे हैं। हाल ही में हेलीकॉप्टर से बनाए गए वीडियो वायरल होने को गंभीर चूक बताया गया। ज्ञापन सीओ आलोक सिंह को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि बांध सिर्फ धरोहर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों और जनता की सुरक्षा से जुड़ा है। लापरवाही राष्ट्रहित पर खतरा साबित हो सकती हैं।

## जलीलपुर में रक्तदान शिविर



**स्याऊ।** विकासखंड जलीलपुर के एक बैंकट हॉल में मानवाधिकार परिषद युवा टीम ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें न्यूट्रिमा ब्लड बैंक की टीम ने बैंकट हॉल में ब्लड कैंप लगाया। जिसका संचालन जिला अध्यक्ष शानू अग्रवाल ने किया। जिला उपाध्यक्ष गौरव वर्मा ने संचालन किया। शानू अग्रवाल द्वारा क्षेत्र के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया। क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान किया । पत्रकार अमित शर्मा आठवीं बार रक्त दान किया। वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने 40 वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर गौरव वर्मा, प्रियांशु सैनी आदि मौजूद थे।

# नगीना में जीवन धारा अस्पताल सील

## झोलाछाप चिकित्सकों में मचा हड़कम्प, फरार




**अमान शम्सी**

**नगीना।** झोलाछाप डॉक्टरों के प्रतिष्ठानों व अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल द्वारा जीवन धारा अस्पताल व एक क्लीनिक पर छापेमारी की गई। इस दौरान संचालकों द्वारा संबंधित आवश्यक दस्तावेज न दिखाए जाने पर अस्पताल तथा क्लीनिक दोनों को सील कर दिया गया।

चिकित्सा विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल ने बताया कि नगीना स्थित जीवन धारा हॉस्पिटल के बारे में सूचना मिली थी कि आठ माह की गर्भवती जीनत पत्नी फैजान निवासी ग्राम गोपीवाला अस्पताल में भर्ती थी। उसका शिशु मृत था, जिसके कारण उसके जीवन को खतरा था। जीनत को सीएचसी नगीना एंबुलेंस से भिजवाया गया।

मौके पर पुलिस के साथ पहुंचे नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल ने अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं मिला। वहां कोई प्रशिक्षित स्टॉफ भी नहीं था। नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। उधर, ग्राम कस्बा कोटरा में डॉ. मान सिंह के क्लीनिक पर छापेमारी की गई। नोडल अधिकारी के अनुसार डॉ. मान सिंह को नोटिस जारी कर दिया गया है तथा क्लीनिक को सील कर दिया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही के बाद आसपास के झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकानें बंद करके भाग गए।


**10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10–10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

| | |
|---|---|
| B.Tech (CS) | MBA |
| BCA | MCA |
| BBA | LLB |
| B.Com | LLM |
| BA LLB | M.TECH. |
| B.Sc Microbiology | MSW |
| B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc. |
| B.Sc Home Sc. | MA Education |
| B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology | |

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बच्चा चोरी में वर्णिका हॉस्पिटल सील

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** बच्चा चोरी के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए वर्णिका हॉस्पिटल को सील कर दिया है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों झोलाछाप अवैध रूप से क्लीनिक व नर्सिंग होम चला रहे है। यहां पर इंसानों की जान से खिलवाड़ होता है।

गौरतलब है कि नूरपुर के बहुचर्चित बच्चा चोरी और बेचने के प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग गंभीर नजर आ रहा है। पहले नूरपुर में एसआर हॉस्पिटल के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। उसके बाद सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त हॉस्पिटल को सील कर दिया। इस मामले में स्थानीय वर्णिका अस्पताल का नाम भी सामने आया था। अब स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. कुंवर प्रताप सिंह ने नजीबाबाद पहुंच कर कोटद्वार रोड स्थित वर्णिका अस्पताल को भी सील कर दिया है।

कुछ दिन पूर्व एक महिला ने नूरपुर के अस्पताल में ऑपरेशन से




## ताबड़तोड़ कार्रवाई से मचा हड़कंप

बेटे को जन्म दिया था। जन्म के तुरंत बाद बच्चे को डॉक्टर ने मशीन में इलाज कराने के बहाने ले लिया। परिवार ने जब अस्पताल स्टाफ से बच्चे को दिखाने को कहा, तो वह टाल-मटौल करते रहे। करीब ढ़ाई महीने बीत जाने के बाद भी बच्चा परिजनों को नहीं दिखाया गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच में सामने आया था कि बच्चे को नजीबाबाद के वर्णिका अस्पताल में डॉ. आरती और उसके सहयोगी डॉ. सूरज के हवाले कर दिया था। फिर इन दोनों ने इस बच्चे को बरेली निवासी दंपति को बेच दिया था। नवजात शिशु को बरेली से सकुशल बरामद कर लिया गया था। पुलिस के मुताबिक अस्पताल संचालकों ने बच्चा गोद लेने वाले दंपति को झूठ बोलकर एक दंपत्ति से झूठा गोदनामा लिखवा कर बच्चे के नाम पर साढ़े पांच लाख रुपए लेकर बरेली के दंपत्ति को दे दिया था। नूरपुर पुलिस ने बाल कल्याण समिति, बिजनौर में पहुंच कर बच्चे को उसके जन्मदाता माता-पिता की सुपुर्दगी में दिया था। हैरत की बात यह है कि बरेली के दंपति को बच्चा देने के साथ ही आठ जुलाई को सब रजिस्ट्रार कार्यालय नजीबाबाद में फर्जी कागजात तैयार कर पंजीकरण भी कराया गया था। जिसमें बच्चे के असली माता-पिता की जगह गोपाल और उसकी पत्नी रूपा निवासी गांव सराय आलम फर्जी माता-पिता के रूप में दर्शाए गए थे। जिसमें अजय बंगाली और विनीता को गवाह बनाया गया था। अब इस मामले में डॉ. रीना चौधरी, वंदना, माखन, राकेश, धर्मेंद्र, डॉक्टर सूरज, गोपाल, रूपा पत्नी गोपाल, विनीता अग्रवाल, अजय बंगाली, आरती व प्रदीप का गिरफ्तार किया जाना भी बाकी है।

गौरतलब है कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप अवैध रूप से क्लीनिक व नर्सिंग होम भी चला रहे है। इनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती हैं। नोडल अधिकारी न तो इनको सील करते है और न ही आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते है। सूत्रों के मुताबिक विभाग के कर्मचारी झोलाछाप चिकित्सकों से उगाही करते है।

# बेटी से दुष्कर्म करने वाले पापी पिता को उम्रकैद

## अदालत ने 28 हजार का जुर्माना भी किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपनी 12 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने के मामले में पोक्सो कोर्ट की स्पेशल जज कल्पना पांडे ने स्योहारा क्षेत्र के कौशल शर्मा को दोषी पाकर उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पिता पर 28 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

स्पेशल एडीजीसी भालेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि देहरादून रेलवे चाइल्ड काउंसलर ने 19 जून 2022 को देहरादून थाने पर अभियोग दर्ज कराया था, जिसमें उसने कहा था कि बिजनौर जिले के स्योहारा क्षेत्र की एक महिला अपनी 12 वर्षीय बेटी को लेकर उसके पास पहुंची और बताया कि उसका पति कौशल शर्मा उसकी बेटी के साथ मारपीट और शारीरिक छेड़छाड़ करता है। इसी बात से तंग आकर पीड़ित अपने बच्चों को लेकर स्योहारा से भागकर हरिद्वार के चंडीघाट जाकर झुग्गी में रहकर जीवन बिताने लगी। पीड़ित मां ने यह भी बताया था कि उसके पति ने इस घटना से पहले उसका एक बच्चा अमरोहा में किसी व्यक्ति को बेच दिया था और उसने अपनी बहन रजनी को भी किसी को बेचा था। पुलिस ने देहरादून में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की छानबीन की और पीड़िता व उसकी मां के बयान दर्ज किए। जीआरपी देहरादून ने मामला एसएसपी हरिद्वार उत्तराखंड को प्रेषित किया, किंतु मामला जनपद बिजनौर से जुड़े होने के कारण यह मामला पुलिस अधीक्षक बिजनौर को भेज दिया गया। स्योहारा पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजकर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। पीड़िता ने स्वयं कोर्ट में उपस्थित होकर अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। उसने कथन किया कि उसका पिता कौशल शर्मा उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करता था। अदालत ने पिता को दोषी पाया और उसे 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

# दो की मौत से हरकत में आया प्रशासन



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी रामगंगा नदी गणेश चतुर्थी विसर्जन के दौरान दो सगे भाईयों की मौत के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने अफजलगढ़ क्षेत्रान्तर्गत भूतपुरी रामगंगा घाट पर पहुंच कर मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि में नदी किनारे बलिया लगाई गई है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह तथा थाना प्रभारी सुमित राठी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस न मनाने का ऐलान

**हल्दौर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस वर्ष शिक्षक दिवस न मनाने का ऐलान किया है। संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से देशभर के लाखों सरकारी शिक्षकों की नौकरी पर संकट गहराया है। आदेश का असर यदि निजी विद्यालयों पर भी लागू होता है, तो करोड़ों शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें पांच सितंबर को औपचारिक रूप से मंच सजाकर शिक्षकों का सम्मान करेंगी, किंतु सच्चाई यह है कि उन्हीं शिक्षकों में अनेक ऐसे होंगे, जिन पर भविष्य में सेवा से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे हालात में सम्मान समारोह खोखला प्रतीत होता है।

# धन आदि का दान करना त्याग धर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद ।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती व सरजायती मन्दिर में दशलक्षण पर्व पर उत्तम त्याग धर्म पर चर्चा हुई। वरिष्ठ श्राविका सरोज जैन ने कहा कि आत्म शुद्धि के उपदेशों से विकार भाव छोड़ना तथा स्वयं पर उपकार की दृष्टि से धन आदि का दान करना त्याग धर्म है।

उन्होंने कहा कि 'त्याग' शब्द से ही पता लग जाता है कि इसका मतलब छोड़ना है और जीवन को संतुष्ट बना कर अपनी इच्छाओं को वश में करना है। यह न सिर्फ अच्छे गुणवान कर्मों में वृद्धि करता है, बल्कि बूरे कर्मों का नाश भी करता है। त्याग की भावना जैन धर्म में सबसे अधिक है, क्योंकि जैन संत केवल घर बार ही नहीं, यहां तक की अपने कपड़े भी त्याग देता है और पूरा जीवन दिगंबर मुद्रा धारण करके व्यतित करता है। मनुष्य की शक्ति इससे नहीं परखी जाती की उसके पास कितनी धन दौलत है,



## श्रद्धालुओं ने की सामूहिक पूजा

बल्कि इससे परखी जाती है कि उसने कितना छोड़ा और कितना त्याग किया है। उत्तम त्याग धर्म हमें यही सिखाता है कि मन को संतोषी बना के ही इच्छाओं और भावनाओं का त्याग करना सम्भव है। त्याग की भावना भीतरी आत्मा को शुद्ध बनाकर ही होती है।

श्री जी का सामूहिक प्रक्षाल व श्री भगवान पार्श्वनाथ पर शान्ति धारा की गई । शान्ति धारा करने का सौभाग्य राजीव जैन व श्रुति जैन परिवार ने प्राप्त किया। उत्तम त्याग धर्म के सम्बंधित नवग्रह, पंचमेरू मडला, पूजन विधि विधान से दिवाकर जैन ने सामूहिक पूजन में नमन जैन, प्रियाशु जैन , जनेश्वर दास जैन, पारशनाथ जैन, वसु जैन ने भगवान आदिनाथ की वेदी के समक्ष तथा राजीव जैन ने भगवान महावीर की वेदी पर, राहुल जैन ने सरजयती मंदिर में भगवान नेमिनाथ की वेदी के समक्ष पूजा प्रक्षाल किया । दिवाकर जैन, गौरव जैन, संजय जैन, आशीष जैन, विकास जैन, अनुप जैन, मीनाक्षी जैन, कविता जैन, रितिका जैन, अंकित जैन, मुदित जैन, नितिन जैन, शैलेंद्र जैन, सन्तोष जैन, निशू जैन, अरिहन्त जैन, सुगन्ध जैन, अराध्या जैन, मनीषा जैन, सुनीता जैन, सरला जैन, किरन जैन, ऋषभ जैन, अकुर जैन आदि ने धर्मलाभ उठाया। संध्या आरती के पश्चात धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मंजू जैन व कुमकुम जैन द्वारा किया गया । कार्यक्रम में जैन धर्म प्रश्न उत्तर, धार्मिक एक्टिविटी गेम, धार्मिक तंबोला का आयोजन किया गया। जीतने वाले बच्चों को प्रधान दीपक जैन ने पुरस्कार प्रदान किए। तंबोला में जीतने वालों को मंत्री नीरज जैन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# बिना हेलमेट पेट्रोल न देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

थानाध्यक्ष नगीना, टीएसआई बिजनौर व एआरटीओ बिजनौर ने संयुक्त रूप से टीम बनाकर नगर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर जाकर पंपकर्मियों को बिना हेलमेट पहने दोपहिया चालकों को पेट्रोल न देने की अपील की। साथ ही पंपों पर आने वाले वाहन चालकों को जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर बैनर आदि भी लगाए गए हैं।

टीएसआई ने वाहन चालकों से



## कई वाहनों के चालान काटे

अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, क्योंकि सबसे ज्यादा सड़क हादसों का कारण मोबाइल ही बनता जा रहा है। इसके अलावा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट जरूर लगाएं। उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले कई वाहनों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटे।

इनमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन, सीट बेल्ट न लगाने वाले चालक और वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले ओवर स्पीड से चलने वाले लोग शामिल रहे। नगीना थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं है, बल्कि लोगों को जागरूक करना है ताकि वे स्वयं नियमों का पालन करें। यदि लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे और मोबाइल से दूरी बनाकर वाहन चलाएंगे, तो सड़क सुरक्षा अवश्य ही सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने के लिए 30 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है।

# अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर पालिका परिषद किरतपुर में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देश पर पालिका टीम ने नगर भर में लगे बिना अनुमति के होर्डिंग्स को हटवाया।

जानकारी के अनुसार नगर में कई स्थानों पर होर्डिंग्स स्वामियों द्वारा बिना पालिका की अनुमति के लगाए गए थे। शासन के आद.ेशानुसार ऐसे अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान हटाए गए सभी होर्डिंग्स को पालिका कार्यालय में जमा कराया गया। इस दौरान पालिका कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानंद, बाबूराम, उमेंदर कुमार, सोनू, संजीव तथा सफाई नायक प्रेम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंडावर रोड पर मालन नदी पुल के पास भीषण हादसा



## स्कूल प्रबंधक की मौत दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर रोड पर मालन नदी पुल के पास बुधवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइकों की भिड़ंत में नारायणपुर स्थित लिटिल एंगल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बाबूराम (45 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब शहजादपुर निवासी बाबूराम स्कूल से छुट्टी के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। मालन नदी पुल के पास उनकी बाइक की विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाबूराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक बाबूराम लिटिल एंगल पब्लिक स्कूल के सम्मानित प्रबंधक थे और क्षेत्र में उनकी कार्यशैली के लिए उनकी खासी पहचान थी। उनकी अचानक मृत्यु से परिवार और स्कूल स्टाफ में शोक की लहर छा गई है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण प्रतीत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने मंडावर रोड पर बढ़ते हादसों पर चिंता जताई है।

# लाठी चार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## दोषी अधिकारियों को निलम्बित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संगठन के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज की निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों को 48 घंटे के अंदर निलम्बित करने की चेतावनी दी है। परिषद ने दो टूक कहा है कि अगर ऐसा नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहमंत्री सुधांशु चाहल, विभाग मंत्री हनी अहलावत, तायल अहलावत, गुरदीप सिंह, जिला संयोजक भास्कर शर्मा आदि ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि रामस्वरूप विश्व. विद्यालय में विधि विद्यार्थियों के न्याय हेतु संघर्षरत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय व अमानवीय है। नवीनीकरण के बगैर चल रहे विधि पाठ्यक्रम के कारण विद्यार्थियों के साथ अन्याय किया जा रहा था। बार काउंसिल ऑफ इंडिया की सशर्त अनुमति (प्रोविजनल) विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई है, जो सत्य का प्रत्यक्षीकरण है कि यह पाठ्यक्रम अवैध रूप से संचालित था।

लाठीचार्ज की घटना में शामिल पुलिसकर्मियों व बाहरी



गुंडों सहित सभी दोषियों पर मुक. दमा दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। किसके आदेश पर लाठीचार्ज किया गया, यह सभी प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है। जिनका उत्तर अतिशीघ्र सार्वजनिक किया जाए। विधि छात्रों के वर्तमान को भ्रम में रखकर भविष्य के साथ खिलवाड़ कर नवीनीकरण व अनुमति के बिना विधि पाठ्यक्रम के अवैध संचालन की समग्रता से तथ्यात्मक जांच की जाए व पूरी प्रक्रिया में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को दंडित कर विश्वविद्यालय को बंद किया जाए। विलम्ब शुल्क के नाम पर अर्थदण्ड के रूप में बड़ी धनराशि की उगाही, सामाजिक कल्याण के नाम पर लिए जाने वाले शुल्क, निर्धारित मानक आदि की भी सघनता से जांच कर रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। छात्र आंदोलन के लिए संघर्षरत दो छात्रों को बिना किसी चेतावनी के सीधे निष्काषित कर देने की प्रक्रिया भी अवैधानिक है। दोषियों को दण्डित कर विद्यार्थियों को न्याय दिलाया जाए। उच्च शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर रामस्वरूप विश्वविद्याल पर कार्यवाही आरम्भ की जाए। श्री रामस्वरूप विश्व विद्यालय ने लगभग छह बीघे सरकारी भूमि (नाली, तालाब, बंजर व चकमार्ग) पर अवैध कब्जा कर लिया था। राजस्व जांच के बाद मामला तहसीलदार कोर्ट पहुंचा। जिसने 25 अगस्त 2025 को विश्व. विद्यालय प्रबंधन पर 27.96 लाख जुर्माना लगाते हुए कब्जा हटाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 15 दिन में जुर्माना अदा कर स्वयं अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया है। अवैध निर्माण पर कार्यवाही की जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए उपरोक्त विषयों पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर 48 घण्टे के अंदर अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। जिससे विद्यार्थी समुदाय भयमुक्त होकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सदैव जागरूक रहे। अन्यथा स्थिति में विद्यार्थी परिषद प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन हेतु बाध्य होगी।

## एक नजर

### सन शाइन स्कूल में कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संचालन छात्रा अलिशा और माहिरा सुंदर ढंग से किया। इस छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर काजल व आकाश द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। आकाश व लक्की ने हिंदी व अंग्रेजी में डॉ. राधाकृष्णन के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक दिवस के महत्व को समझाया। इस अवसर पर दिव्यांशी, मोनिका और खुशबू आदि मौजूद थी।

### पुलिसकर्मी तोड़ रहे नियम



**शिवाला कलां।** प्रदेश सरकार ने एक सितम्बर से नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान शुरू करने का फैसला लिया था। लेकिन यह अभियान जमीनी स्तर पर बेअसर नजर आ रहा है। बिना हेलमेट पंप पर पहुंचने वालों को पेट्रोल मिल रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद भी फीना में पेट्रोल पंप पर कर्मचारी बिना हेलमेट के तेल देते नजर आए। यहां तक की पुलिसकर्मी ही कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आए।

### स्कूल का पेड़ गिरा, हादसा टला



**मंडावर ।** बारिश के चलते स्कूल प्रांगण में खड़ा यूकेलिप्टस का पेड़ रात्रि में किसी समय गिर गया। जिसमें पास में बने मकान स्वामी को भी कोई हानी नहीं हुई। गनीमत रही कि अगर स्कूल समय में पेड़ गिर जाता, तो बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता था। पेड़ के नीचे स्कूल के बच्चे भी शिकार हो सकते थे। मौहम्मदपुर देवमल के ग्राम बादशाहपुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय कम्पोजीट विद्यालय बादशाहपुर है। जिसमें 174 बालक और बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिनके इंचार्ज अध्यापक ओमप्रकाश सिंह है। विद्यालय प्रांगण में काफी पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हुए हैं, जो हर समय हादसे को दावत देते हैं। इन पेड़ों की दो बार नीलामी भी हो चूकी है। लेकिन ठेकेदार ने अभी तक इन पेड़ों को नहीं काटा। कल बुधवार की रात्रि किसी समय एक यूकेलिप्टस का पेड़ बारिश के चलते स्कूल की बाउंड्री को तोड़ते हुए गिर गया। जिसमें पास में बने मकान स्वामी को कोई हानी नहीं पहुंची। लेकिन गनीमत रही कि पेड़ स्कूल समय में नहीं गिरा, वरना एक बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता था। पेड़ शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के ऊपर भी गिर सकता था। विद्यालय प्रांगण में एक दो पेड़ सुखे हुए भी खड़े हुए हैं, जो तेज हवाएं चलने पर उनका टूटने का डर भी लगा रहता है। अभी कुछ दिन पहले भी सम्मानित समाचार पत्र दैनिक शाह टाइम्स ने विद्यालय के सुखे हुए पेड़ों के बारे में खबर भी प्रकाशित की थी, लेकिन शिक्षा विभाग अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। क्या वह बड़े हादसे की इंतजार में हैं।

### डॉ. सर्वपल्ली का जन्मदिवस मनाया



**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र कुमार, टीकम सिंह, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, दीपक कुमार दक्ष, अशोक कुमार, नकुल कुमार त्यागी, रंजना शर्मा, संगीता रानी आदि ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। जयंती के इस शुभ अवसर पर कक्षा एकादश के छात्र कार्तिक कुमार, जाह्नवी, सृष्टि निर्वाल, कक्षा नवम की छात्रा कामिनी आदि ने भजन गाकर माहौल को गुरुमय कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने छात्र एवं छात्राओं के जीवन में गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन में ही व्यक्ति जीवन में अनेक बुलंदियों पर पहुंच सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को गुरु के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया । जयंती के इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं आचार्य आदि को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य टीकम सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र कुमार, प्रवेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, नीतू रानी, कपिल कुमार, अनुज कुमार आदि का सहयोग रहा।

### दो सगे भाईयों में मारपीट

**नहटौर।** ग्राम हरगनपुर निवासी मेघराज व उसका भाई जगदीश में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिस पर मारपीट हो गई। आरोप है कि जगदीश ने मेघराज को लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी में भर्ती कराया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सईदुर्रहमान गलत संगत में पड़ गया है। मेरे समझाने पर बात नहीं मानता है। वह मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। साथ ही गाली-गलौच भी करता है। मैंने व मेरे परिवार व रिश्तेदारों ने मेरे पुत्र सईदुर्रहमान व उसकी पत्नी शाहीन बानो से अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है तथा मैंने अपने पुत्र सईदुर्रहमान को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**इरफान पुत्र शफीक निवासी ग्राम मकसूदपुर, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर**

केएम इंटर कॉलेज का मामला

# आधा दर्जन शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज

## शिक्षकों के बीच हुआ था 10 दिन पहले झगड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिक्षा के मंदिर को राजनीति और वर्चस्व की लड़ाई ने एक बार फिर कलंकित कर दिया है। 10 दिन पूर्व छात्रों के सामने हुए शिक्षकों के बीच मारपीट के मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आधा दर्जन शिक्षकों के खिलाफ मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

26 अगस्त को प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र सिंह और शिक्षक अभिषेक कुमार के बीच हुए विवाद ने देखते ही देखते हाथापाई और गाली-गलौज का रूप ले लिया था। मामला इतना बढ़ा कि वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार भी इसमें कूद पड़े और छात्रों के सामने लात-घूसे चलने लगे। चौंकाने वाली बात यह रही कि कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार, जिन पर पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उन्होंने बीच-बचाव करने की कोई कोशिश नहीं की।

घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी थी। अनिल कुमार ने केवल महेंद्र सिंह को आरोपी बनाया था। जबकि महेंद्र सिंह ने अनिल कुमार, अभिषेक, योगेंद्र, गजेंद्र और अमित सहित पांच शिक्षकों पर हमले का आरोप लगाया था। सूत्रों का कहना है कि पिछले 10 दिनों तक दोनों पक्षों के समर्थक समझौते का प्रयास करते रहे, लेकिन असफल रहे। आखिरकार पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने कॉलेज का दौरा किया और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सुरक्षित कर ली। गुरुवार को दो दरोगाओं ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। राहत की बात यह रही कि पुलिस जब पहुंची तब तक कॉलेज में छुट्टी हो चुकी थी। वरना पुलिस की मौजूदगी छात्रों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती थी। केएम इंटर कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है। शिक्षा और संस्कार की जगह अब राजनीति और भ्रष्टाचार हावी है। सवाल यही है कि क्या प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर इस कॉलेज में व्याप्त अराजकता पर लगाम लगा पाएंगे या यह विवाद यूं ही छात्रों की पढ़ाई पर काला साया बनकर मंडराता रहेगा?

कोतवाल राजेश चौहान ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में दोनों शिक्षकों के नाक की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ले लिया है।

### पहले हो चुकी है 107/16 की कार्रवाई

कॉलेज परिसर में हुए इस झगड़े के बाद प्रशासन पहले ही आधा दर्जन शिक्षकों के खिलाफ 107/16 की कार्रवाई कर चुका था। अब मुकदमा दर्ज होने के बाद कॉलेज की राजनीति और भी गर्माने की आशंका है।

### राजनीति में भी गहराई जड़ें

यह विवाद केवल कॉलेज तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति से भी जुड़ा है। महेंद्र सिंह को समाजवादी पार्टी का करीबी माना जाता है। वहीं अनिल कुमार भाजपा समर्थक हैं। यही वजह है कि दोनों गुटों के बीच की खींचतान अब राजनीतिक रंग लेने लगी है। गौरतलब है कि महेंद्र सिंह ने पांच शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जबकि अनिल कुमार ने केवल एक पर। इस वजह से राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि फिलहाल महेंद्र सिंह का पलड़ा भारी है

# धामपुर में राधा अष्टमी पर्व व शुक्ल पक्ष की एकादशी पर गूंजे भजन

## आकर्षक झांकियों ने मन मोहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला लोहियान स्थित श्री वैश्य अग्रवाल लोहिया धर्मशाला में राधा अष्टमी पर्व एवं शुक्ल पक्ष की एकादशी का आयोजन बड़े ही धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक भजन उच्चारण में महिलाओं ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम स्थल को राधा-कृष्णमय बना दिया।

कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की भव्य व आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी में भगवान कृष्ण की भूमिका साक्षी गुप्ता के पुत्र एकांश गुप्ता ने निभाई, जिनके मनोहारी रूप दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर बच्चों का सम्मान किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने राधा रानी का जन्मोत्सव मनाने के लिए सामूहिक रूप से केक काटा और एक-दूसरे को मंगलकामनाएं दीं। सामूहिक जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय गूंज उठा।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती योजना गुप्ता ने भजन प्रस्तुत करने वाली महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रत्येक सनातन परिवार को चाहिए कि वह बच्चों में बचपन से ही भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति चेतना जगाए। उन्होंने कहा कि सामूहिक भजन उच्चारण जैसे कार्यक्रम ही संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं के समक्ष सामूहिक पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। पूजन कार्य मंदिर के पुजारी महंत अरुण उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न कराया।

इस मौके पर महिलाओं में प्रमुख रूप से दीप्ति मित्तल, मुस्कान मित्तल, ज्योति रानी, योजना गुप्ता, रति रानी, पूनम देवी, साधना गुप्ता, सुलेखा गुप्ता, कविता रानी, इति गुप्ता, तनु गुप्ता, कुमकुम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से अफजलगढ़ सीएचसी में इलाज में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया।

ग्राम मिलक अमराबाद निवासी थाना नहटौर उदयराज पुत्र टीकम सिंह और निशांत पुत्र ज्ञान प्रकाश बाइक से मेमनपुर मेले में जा रहे थे। इसी दौरान मेमनपुर-राजौरी मार्ग पर शेरगढ़ मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# गंगा में डूबे दो सगे भाईयों के शव बरामद

## गोताखोरों को 40 घंटे बाद मिली सफलता, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गणेश चतुर्थी पर मूर्ति विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डूबे दो सगे भाइयों की तलाश आखिरकार पूरी हो गई। घटना के 40 घंटे बाद बड़ा भाई धर्मेंद्र का शव करीब तीन किलोमीटर दूर मिला। वहीं लगातार चल रही तलाशी में छोटे भाई विजेंद्र का शव भी बरामद कर लिया गया। घटना थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी गंगा घाट की है।

जानकारी के अनुसार जसपुर (उत्तराखंड) के मौहल्ला नत्था सिंह निवासी धर्मेंद्र कुमार (36) पुत्र करन सिंह और विजेंद्र सिंह (34) पुत्र करन सिंह करीब 100 लोगों के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए भूतपुरी गंगा घाट पहुंचे थे। विसर्जन के दौरान दोनों तेज बहाव की चपेट में आकर गहराई में समा गए। पुलिस प्रशासन और गोताखोरों की टीम ने लगातार अभियान चलाकर दोनों भाइयों के शव बरामद किए। शव मिलने की सूचना के बाद गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।




# एमएससी ( जन्तु विज्ञान ) चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एम.एस.सी. (जन्तु विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इंफार्मेशन टैक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह ने बताया कि एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर (जन्तु विज्ञान) की छात्रा ईरम नाज ने 8.05 सीजीपीए के साथ प्रथम, मदीहा खान ने 7.93 के साथ द्वितीय तथा नमनप्रीत कौर ने 7.90 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्रओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कालेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कालेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिलें, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग की प्रवक्ता अदीबा शारीक, सलोनी चौधरी, मीतू राजपूत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एजुकोल में शिक्षक दिवस मनाया

## शिक्षकों को उपहार भेंट कर दिया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रीति अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा डांस, गायन, भाषण, खेलों के माध्यम से वहां उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन तरुणा सिंह और युगांशी सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उपहार भेंट किए। प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। छात्राओं में इशल, हमदा, अन्विका, हुरैन, आव्या, कनिका, परुषी, रिद्धि, हिदाया,अलीना, हंशिका, दीक्षा , अदिबा,अदिति ,पलक, सारिका , तूबा, आफिया , सदफ, अज्बा, यशी, मोहिनी, लक्षिता, अरीबा, अक्षिता, सौम्या, आस्मा, निदा, अफीफा हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को थाने पहुंचे नवेद के परिजन

## चार दिन पहले उत्पीड़न से तंग आकर फांसी लगा कर की थी आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** चार दिन पूर्व किरतपुर की एक युवती व उसकी मां के उत्पीड़न से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के परिजनों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी राहुल कुमार से मुलाक. ात कर उनसे आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि नगर के मछली बाजार में सिलाई मशीन की दुकान करने वाले मौहल्ला पठानपुरा निवासी युवक नवेद ने किरतपुर की युवती के प्रेम प्रसंग व इसकी आड़ में अपने उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर अपने घर में ही गले में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। युवक ने मरने से पूर्व अपने मोबाइल फोन में एक विडियो बनाई थी, जिसमें उसने किरतपुर की नाजिया अंसारी व उसकी मां पर उसे ब्लैकमेल कर लाखों रुपए ऐंठने तथा गन प्वाइंट पर बाद में उसका नाजिया से निकाह कराने आदि के गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। परिजनों ने मृतक का मोबाइल से बनाई गई विडियो रिकार्डिंग की सीडी भी पुलिस को सौंप दी थी। बुधवार को मृतक नवेद की मां व परिवार की अन्य महिलाओं ने थाना प्रभारी राहुल कुमार से मुलाकात कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कराने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि नवेद अपने परिवार में इकलौता पुत्र था तथा उसके परिवार में अब चार बहनें व एक मां है। नवेद की मौत से उनका परिवार काफी सदमे में है। थाना प्रभारी ने आरोपियों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का लगातार प्रयास किए जाने की जानकारी दी।

## एक नजर

### शिक्षकों को किया सम्मानित



**बिजनौर।** कृष्णा आर्युवेदिक मेडिकल कालेज में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धनवंतरी की पूजा के साथ शुरू हुआ। डायरेक्टर कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल वैद्य संदीप अग्रवाल, कृष्णा इंस्टीट्यूट के संस्थापक राजीव एवं कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्या डा. सीमा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डा. सुरेन्द्र चौधरी ने आयुर्वेद की महत्वता एवं गुरू-शिष्य परंपरा के अनुसार चिकित्सा को जीवंत बनाये रखने के विषय में बताया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि डा. सुरेन्द्र चौधरी, वैद्य संदीप अग्रवाल और डा. सीमा शर्मा द्वारा समस्त शिक्षकगणों का सम्मान किया गया।

### शिक्षण संस्थाओं में मनाया शिक्षक दिवस



**नांगल सोती।** क्षेत्र के आरबीएस इंटर कॉलेज, ग्रीन लाइट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल सहित अनेक स्कूल और कॉलेजों में शिक्षक दिवस मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने जिसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कर्यक्रम, नाटक मंचन सहित नृत्य कला का जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी बच्चों को पुरस्कार भेंट किए गए। शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका शिक्षा की ओर मार्गदर्शन किया। इस मौके पर अनेक विद्यालय स्टाफ सहित विद्यालय प्रबंध समिति स्कूल कॉलेजों में मौजूद रहे।

### गंगा का जलस्तर फिर बढ़ा

**चंदक।** मंगलवार से गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है, जो बुधवार को अत्याधिक हो गया। जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे स्थित ग्राम सीमली, फतेहपुर, राजारामपुर, मिर्जापुर, समेत दर्जनों ग्रामों के संपर्क मार्गों तक गंगा का पानी पहुंच गया है। जिस कारण किसानों को मवेशियों के चारे का संकट पैदा हो गया है। गंगा किनारों पर मिट्टी कटान कर ग्रामों की ओर बढ़ रही है। ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के कट्टे लगाकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। मिर्जापुर के किसानों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गंगा का जलस्तर घट गया था। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी, मगर पिछले दो दिनों से जलस्तर बढ़ने से खतरा पुन: बढ़ गया है।

### बिजनौर के युवक की राजस्थान में मौत

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान में खस्सो में रहने वाले एक युवक की राजस्थान में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मौहम्मद फैसल नामक उक्त युवक राजस्थान में कारपेंटर का काम करता था। कल शाम वह काम से आकर आराम करने लगा। इसी बीच उसे हार्टअटैक आया और उसकी मौत हो गई। फैसल की उम्र लगभग 24 वर्ष थी। घटना से उसके परिवार में कोहराम मचा है।

# झूल रही विद्युत लाइन से आग लगने का खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** तिसोतरा-सुंगरपुर बेहड़ा मार्ग पर तिसोतरा बिजलीघर से जुड़ी उच्च क्षमता की विद्युत लाइन नीचे झूल रही है, लाइन से निकली चिंगारी से आए दिन किसानों का गन्ना जल रहा है, यदि विद्युत निगम ने लाइन नहीं खींची तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

तिसोतरा-सुंगरपुर बेहड़ा मार्ग पर किसानों के खेतों के ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता की विद्युत लाइन नीचे झूल रही है। लाइन से आए दिन चिंगारी निकलने के कारण खेतों में खड़े गन्ने की पत्ती जल जाती है। जिससे कभी भी गन्ने में आग लग सकती है और किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। संदीप एडवोकेट, ओमेंद्र, रामवीर, अंकुर, अमरजीत, भूरे, भूपेंद्र, आदि किसानों का कहना है कि लाइन लटकी होने के कारण वह अपने खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। विद्युत निगम की लापरवाही के चलते कोई किसान करंट की चपेट में आ गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। किसानों का आरोप है कि कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी लाइन नहीं खींची जा रही है।

उधर बिजलीघर के अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने बताया कि लाइन के नीचे एक पोल लगना है, जल्द ही पोल लगाकर लाइन खींची जाएगी।

# बेटियों की शिक्षा व शादी के लिए लाभकारी है सुकन्या समृद्धि योजना

**बिजनौर।** डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों की शिक्षा एवं विवाह हेतु एक अत्यंत महत्वपूर्ण और लाभकारी बचत योजना है। इस योजना के अंतर्गत अभिभावक 10 वर्ष से कम आयु की बालिका के नाम पर खाता खोल सकते हैं। इसमें न्यूनतम 250 से लेकर अधिकतम 1,50,000 तक वार्षिक राशि जमा की जा सकती है। सरकार द्वारा निर्धारित आकर्षक ब्याज दर (वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत) इस पर उपलब्ध है। खाते में 15 वर्षों तक जमा करने के उपरांत बालिका के 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर यह खाता परिपक्व होता है। बालिका की उच्च शिक्षा हेतु 18 वर्ष की आयु के बाद 50 प्रतिशत तक राशि आंशिक निकासी की जा सकती है। साथ ही इस योजना के अंतर्गत निवेशित राशि, अर्जित तथा परिपक्वता राशि पूरी तरह मुक्त है। सुकन्या समृद्धि खाता डाकघरों एवं अधिकृत बैंकों में खोला जा सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर इसे पूरे देश में स्थानांतरित किया जा सकता है। इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने हेतु सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि वे अपनी बेटियों के नाम पर अवश्य खाता खोलें और उनके उज्जवल भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

# हनुमान चालीसा पाठ से वातावरण बजरंगमय

## आयोजक परिवार को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मोहल्ला बाड़वान में श्री राधे हरि संकीर्तन मंडल के तत्वावधान एवं महंत विजय प्रकाश वर्मा के संरक्षण में चल रहे 11 दिवसीय श्री गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सुभाष चंद्र कौशिक, पंकज भटनागर, आयुष राज वर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, यतेन्द्र शर्मा एडवोकेट, डॉ. अनुज कुमार वर्मा, महावीर सिंह सैनी, कविता रानी, कृष्ण कुमार, मयंक सिंघल, मेघराज सिंह प्रजापति, नमिता वर्मा, मुन्नी देवी सैनी, अनिल चौधरी, चेतन सैनी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। संस्था की ओर से आयुष राज वर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री एवं पंकज भटनागर ने आयोजक परिवार को स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। पूजन कार्यक्रम में महंत विजय प्रकाश वर्मा, उनकी धर्मपत्नी शालिनी वर्मा, मुस्कान वर्मा, कृष्णा वर्मा, मंजू वर्मा, शुभम वर्मा, हर्ष वर्मा, बीना वर्मा, अजय प्रकाश वर्मा, अनु वर्मा, अम्मू वर्मा, विभु वर्मा, पंकज विश्नोई, कंचन विश्नोई, अनुपम अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, शालू वर्मा, अनीता वर्मा, पुनीत अग्रवाल, दीपेश जैन, सीमा जैन, मयंक वर्मा, स्वाति वर्मा, नवीन वर्मा, कंचन वर्मा, मनोज शर्मा, कृष्णा वर्मा, कविता रानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भजनों की मधुर धुन पर भक्त झूम उठे और जयकारों से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 6 सितंबर को भव्य मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी।

# वैल्डिंग करते समय करंट से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वेल्डिंग से गेट जोड़ते अचानक तेज करंट उतर आया। युवक करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गयी। मौत से परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

नखासा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुकनुद्दीन सराय निवासी आसकीन पुत्र मोबिन वेल्डिंग का काम करता था। गुरुवार को पड़ोसी महेंद्र पुत्र इंद्रा के घर लोहे का गेट लगा रहा था। युवक गेट को वेल्डिंग मशीन से जोड़ने का काम कर रहा था। अचानक मशीन में तेज करंट उतर आया। करंट लगते ही आसकीन जोरदार झटके के साथ जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत उसे उठाकर पास के एक निजी अस्पताल ले गये। चिकित्सक ने जांच के बाद उसे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार

**○मौत से परिवार में मचा कोहराम, गांव में फैला शोक, पुलिस को नहीं दी सूचना**

के लोग बदहवास होकर अस्पताल पहुंचे और शव को देख दहाड़ मारकर रोने लगे। आसकीन की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों के अनुसार, हादसा वेल्डिंग मशीन के तार में खराबी आने के कारण हुआ। मशीन से अचानक तेज करंट दौड़ गया, जिससे आसकीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। हादसे की सूचना थाना पुलिस को नहीं दी गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उसके अचानक चले जाने से उसकी पत्नी और गोद लिए बच्चों के सिर से सहारा छिन गया। परिवार अब आर्थिक तंगी की मार झेलने को मजबूर है।

# ग्राम सैंडोरा में सफाई ठप्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रजपुरा विकासखंड की ग्राम पंचायत सैंडोरा के ग्रामीण लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। गाँव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है, जिसके चलते ग्रामीण गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामवासी भूर सिंह का कहना है कि अभी तक हमारी तरफ कोई भी साफ-सफाई जैसा कार्य नहीं कराया गया है। चारों ओर गंदगी और जलभराव फैला हुआ है।



सम्भल- लाठीचार्ज के विरोध में मुरादाबाद मार्ग पर जाम लगाकर विरोध करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

# लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज से गुस्सा चरम पर है। आक्रोशित एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मुरादाबाद मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन लेकर जाम खुलवाया। इस दौरान वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं।

**○ सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रामस्वरूप विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के आंदोलन पर बाहरी पुलिस कर्मियों द्वारा बर्बर लाठीचार्ज व विश्वविद्यालय में विधि पाठयक्रम के अवैधसंचालन सहित अनियमितता और विश्वविद्यालय पर कार्यवाही की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए। गुस्साय कार्यकर्ता एडीएम कार्यालय के निकट मुख्य पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। सडक के बीचो-बीच बैठने से वहां जाम लग गया। वाहनों की कतारे लगने लगी। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी विकास चंद्र पहुंच गए। उन्होने कार्यकर्ताओं को समझाकर जाम खुलवाया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम 4 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक पीयूष बिड़ोलिया और हितेश प्रजापति ने कहा जिन पुलिस कर्मियों ने परिषद के कार्यकर्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया। उन सभी पर और रामस्वरूप विश्वविद्यालय प्रशासन पर सख्त से सख्त कार्यवाही हो, क्योंकि इन्हीं की वजह से विधि की शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं का जीवन खराब हुआ है। अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो विद्यार्थी परिषद प्रदेश भर में उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। प्रदर्शन में दिवाकर बावरा, हितेश प्रजापति, हरमन ठाकुर, ध्रुव गोयल, आदित्य प्रजापति, हीरालाल, मधुर सेठ, प्रिंस आर्य, हिमांशु प्रजापति, कृष्ण गोयल, अभय भारद्वाज, अंशुल यादव, अमर प्रजापति, यश आर्य , अनिल, हर्ष राठौर , अरविंद सैनी , कृष राठौर , कुनाल प्रजापति, हिमांशु कुमार, अक्षय प्रजापति, किशन सैनी ,किशन प्रजापति, विशाल सैनी इत्यादि कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# आधुनिक समय में शिक्षक जगत के लिए नई चुनौतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य व शिक्षक संघ के पदाधिकारियो द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने जीवन की उन्नति में शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को भी कर्तव्य बोध कराया और आधुनिक समय में शिक्षक जगत के लिए नई चुनौतियों से भी अवगत कराया। साथ विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे अपने ज्ञानी शिक्षकों के सम्मान के लिए स्वत: प्रेरित हो और उनके मार्गदर्शन में अपना लक्ष्य प्राप्त करें। राजनीति शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. निलेश कुमार ने कहा कि शिक्षण एक कला है और इसमें जो पारंगत है वह सम्मान के योग्य है, आज शिक्षा के स्तर को उठाना शिक्षक का चुनौती पूर्ण दायित्व है जिसे हर निष्ठावान शिक्षक पूरे मनोयोग से पूरा कर रहा है। अंग्रेजी विभाग के डा. प्रकाश नारायण ने मानवता के प्रसार से जुड़ी एक कविता का पाठ किया।

# स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण कर दवाइयों का नि:शुल्क वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवांसा चिकित्स अधीक्षक के आदेश पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का परीक्षण किया और नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया।

ग्राम अजरा में आरबीएस के टीम ए द्वारा डा. फहीम के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। कैंप में कुल 159 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई वितरित की गई। कैंप में

**○ खुजली और नजला बुखार के आए अधिकतर रोगी**

कुल 29 मरीजों की मलेरिया की जांच की गई,जो सभी नेगेटिव पाए गए। कैंप में अधिकतर मरीज बुखार नजला जुकाम और खांसी के पाए गए सभी को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई गई तथा शिविर में आए सभी लोगों को व्यक्तिगत साफ सफाई के संबंध में विस्तार से बताया गया तथा संचारी रोग से सावधानी बरतने के तरीके बताए टीम में डा. फहीम, विपिन कुमार फार्मासिस्ट, डॉली ए एन एम, मनवीर सिंह, क्रांति, संगनी व आशा उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हसनपुर रोड स्थित होटल मे केक काटकर स्थापना दिवस मनाते।

## केक काटकर मनाया उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस

**सम्भल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। हसनपुर रोड स्थित एक होटल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से 32 वे स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंदौसी से आए शाह अलम मंसूरी ने जानकारी दी की अब से बतीस वर्ष पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने उत्तर प्रदेश में संगठन की नींव रखी थी जो अब नो राज्य व दो क्रेंद शासित प्रदेशो में अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है और हमने व्यापारी वर्ग के लाभ के लिये व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना शुरू कराई। हाजी एहतेशाम अहमद ने कहा कि सम्भल में व्यापारी भाइयो से सहयोग की आवश्यकता है। ताकि हम ऐसे माहौल में भी एकजुटता के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और सम्भल में खुशहाली ओर तरक्की हो। जो सभी व्यापारी वर्ग के एकजुट होने पर सभी हम सभी को बिना किसी पद के लालच के निस्वार्थ रूप से व्यापारियों भाइयो की हर समस्या का शासन और प्रशासन से समाधान कराना है। कार्यक्रम में फुरकान वारसी दानिश इब्राहिम सलमान खान मौ. अतीक सैफी शाहनवाज अख्तर हुसैन दानिश खान नईम मलिक हाजी जुबेर अजमत उमेर शम्सी बिट्टू वारसी मो0 वारिस अजीम अज्जा मोहतासिम राजा हाजी जमशेद व मीडिया प्रभारी अजीम अब्बासी उपस्थित रहे।



सिरसी-बंजर भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

## बंजर भूमि पर निर्माण ध्वस्त

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बंजर भूमि पर बने स्थाइ निर्माण को बुल्डोजर से ध्वसत करा दिया। इससे अन्य अवैध कब्जेदारों में हड़कम्पम मच गया।

राजस्व विभाग के सूत्रों के अनुसार कस्बे के मौहल्ला चौधरियान निवासी नजाकत व रिजवान आदि का वाद न्यायालय में चल रहा गि। अवैध निर्माण बंजर भूमि पर होना बताया जाता है। न्यायालय से बेदखली के आदेश के बाद हल्की बारिश के बीच राजस्व विभाग की निर्माण स्थल पर पहुंची और स्थाई पक्का निर्माण ध्वस्त करा दिया। उधर कस्बे में सरकारी भूमि पर अन्य निर्माण/अवैध कब्जेदारों को तहसीलदार न्यायालय से नोटिस जारी हो चुके हैं। नोटिस प्राप्त करने वालों में भी ध्वसतीकरण की कारवाई को लेकर हड़कम्प मच गया है।

## अमरनाथ मंदिर पर बाबा का भव्य श्याम का श्रृंगार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित अमरनाथ मंदिर पर एकादशी के दिन हुआ बाबा का भव्य श्रृंगार जिसमें मां कैलादेवी धाम के महंत श्रृषि राज गिरी ने आरती की एवं भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस बीच में आज एकादशी के दिन बाबा का भव्य श्रृंगार एवं आरती का आयोजन किया। श्रृषिराज महाराज ने कहा कि एकादशी का व्रत अत्यंत फल दायक है इसे करने से सभी रोग कष्ट दूर होते हैं एवं धन की प्राप्ति होती है। महा आरती में हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। जिसमें अंकुर रस्तोगी, शालिनी, मोहित रस्तोगी, रितेश रस्तोगी, अन्नू रस्तोगी, अनुराग रस्तोगी, गोलू रस्तोगी, विवेक रस्तोगी आदि भक्त मौजूद रहे।

## वांछित आरोपी किए गिरफ्तार

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा वाछिंतों की गिरफ्तारी के आदेश के अनुपालन में एएसपी (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी गुन्नौर अखिलेश प्रधान द्वारा गठित टीम में उ.नि. संदीप कुमार उ.नि. विजय सिंह सुमित कुमार अरूण कुमार ने सतीश पुत्र हजारी निवासी ग्राम गोठना थाना गुन्नौर, राजपाल पुत्र हजारी निवासी ग्राम गोठना थाना गुन्नौर धर्मवीर पुत्र हजारी निवासी ग्राम गोठना थाना गुन्नौर को रायपुर गोठना रोड़ से गोठना को जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया है। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया आरोपियों ने अजुद्दी पुत्र घासीराम द्वारा प्रतिपक्ष को अपनी परचून की दुकान के बराबर में घूर (गोबर) डालने को मना करने पर लाठी-डंडो व फरसे से वार कर घायल किया था।

# कलियुग में भगवान का नाम ही आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर के तत्वावधान में जन कल्याण सत्संग समारोहका आयोजन किया गया।

ग्राम ठिलूपुरा स्थित मुन्ना जी उर्फ सुधीर त्यागी के आवास पर आयोजित सत्संग समारोह का शुभारम्भ गुरु वंदना से हुआ। सत्संग में भोले महाराज के शिष्य महात्मा कृपानंद ने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए सतयुग, त्रेता और द्वापर युग में भक्तों को कई-कई साल तक कठोर तपस्याएं करनी पड़ती थीं और उन्हें बड़ी-बड़ी कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता था लेकिन भगवान ने कलियुग के भक्तों पर दया करके इसे बहुत आसान कर दिया है। उन्होंने कहा कि कलियुग में केवल भगवान का नाम ही आधार है जिसका सुमिरण करके मनुष्य मायारूपी भवसागर से पार उतर सकता है। उन्होंने-दुनिया चले ना श्रीराम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना, सजधज के जिस दिन मौत की शहजादी आयेगी, ना सोना काम आयेगा ना चांदी आयेगी तथा राम भजन कर प्राणी, के काया तेरी हो गई पुरानी आदि भजन प्रस्तुत कर लोगों भक्ति मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रचारक भागेश त्यागी ने कहा कि राम, कृष्ण, विष्णु, हरि तथा शिव आदि भगवान के गुणवाचक नाम हैं लेकिन भगवान सच्चा और वास्तविक नाम हमारे प्राणों में समाया हुआ है। सदगुरु महाराज से भगवान के उस सच्चे नाम को जानकर भजन-सुमिरण करना चाहिए। भगवान के भजन की कमाई ही अंत समय में हमारे साथ जायेगी। उन्होंने बताया कि श्री भोले महाराज एवं माताश्री मंगला ने आत्मज्ञान और मानव सेवा के द्वारा लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। कार्यक्रम में भागेश कुमार त्यागी, पूर्व प्रधान भोलेसिंह त्यागी, शेखर त्यागी, सुमित त्यागी, बाबा कर्मदास जी, अमित त्यागी, महेश कुमार तथा रोहित भटनागर आदि शामिल थे।

# गणेश जी की श्रद्धालुओं ने की आरती

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराली।** नगर में कई स्थानों पर पर गणेश जी की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है।सुबह व शाम भक्तजन आरती कर रहे है। जिसमे काफी भीड़ जुट रही है। पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन करने के साथ ही गणेश उत्सव का समापन हो जाता है। इस दिन सभी लोग जो अपने घर में गणेशजी की स्थापना करते हैं वह गणेश विसर्जन के साथ ही बप्पा को विदा कर देते हैं। गणेश चतुर्थी से आरंभ होकर अनंत चतुर्दशी पर गणेश उत्सव का समापन हो जाता है। इस बार अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर 2025 शनिवार को है। अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा की विधिा विधान के साथ पूजा करने के साथ ही बप्पा को विदा किया जाता है। इस दौरान डा. कैलाश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, लकी, उमेशचंद्र वार्ष्णेय, पुष्पेन्द्र शर्मा, योगेन्द्र सिंह आदि रहे। उधर सर्राफा बाजार में श्रृद्वालुओं ने गणेश जी को आरती विधि विधान से की। इस दौरान उमेशचंद्र, दिनेश कौशल, भावना, राकेश गुप्ता, निशांत, दीपक आदि रहे।

# प्रशासन ने प्राचीन कुंअे का अस्तित्व लौटाया

**○करीब सौ साल पुराने कुंअे पर मिट्टी और घूरा डालकर कर दिया गया था बंद, ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने बुल्डोजर जस्टिस से कराया साफ**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तीर्थ और कुंआ खोजो अभियान में जुटे प्रशासन को एक ओर पुराना कुंआ को कब्ज़ा मुक्त कराया गया। अतिक्रमण कर प्राचीन कुंआ मिटटी डालकर पूरी तरह से पाट दिया गया था।

तहसील क्षेत्र के गांव सदीरनपुर में स्थित 100 साल पुराना प्राचीन कुआं अब फिर से अपनी पहचान वापस पा गया है। लंबे समय से यह कुआं अतिक्रमण की चपेट में था। ग्रामीणों ने कुएं को कूड़ा, घूर और मिट्टी डालकर पूरी तरह पाट दिया था, जिससे इसका अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया था। ग्रामीणों को लंबे समय से इस बात की चिंता सता रही थी कि आने वाली पीढ़ियों को इस ऐतिहासिक धारोहर के बारे में जानकारी भी नहीं मिल पाएगी। ग्रामीणों ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन को कई बार प्रार्थना पत्र सौंपा था उनकी मांग थी कि प्राचीन कुएं को अतिक्रमण मुक्त कराकर फिर से अस्तित्व में लाया जाए। ग्रामीणों के आग्रह पर एसडीएम विकास चंद्र और नायब तहसीलदार ने मामले का संज्ञान लिया और मौके का निरीक्षण किया। प्रशासन की सख्ती के बाद गुरुवार को बुलडोजर जस्टिस की मदद से कुएं पर डाले गए कूड़े और घूर को हटाया गया। काफी समय तक चली इस कार्रवाई के बाद प्राचीन कुएं का अस्तित्व एक बार फिर सामने आ गया। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ मौके पर मौजूद रही। एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि यह कुआं बेहद पुराना है अब यह कुआं पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। इसे जनता के हित में उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। गांव सदीरनपुर के ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और धन्यवाद व्यक्त किया। उनका कहना है कि इस कुएं का पुनर्जीवन न केवल क्षेत्र की ऐतिहासिक धारोहर को बचाएगा, बल्कि जल संरक्षण और गांव की जल समस्या के समाधान में भी सहायक होगा।



सम्भल- ग्राम सदीरनपुर में बंद पड़े कुंअे का अस्तित्व लौटाते।

# दिव्यांगजनों की समस्याओं को शिविर किए जाएंगे आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य विभागों में दिव्यांगजन से सम्बन्धित योजनाओं का पात्र दिव्यांगजन को लाभ दिलाये जाने हेतु प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान में विशेष कैम्प आयोजित होंगे, जिससे दिव्यांगजन को छोटे-छोटे कार्यो हेतु अन्य कार्यालयों में जाना एवं भटकना न पड़ेगा। प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न कार्यालयों के द्वारा कैम्प आयोजित होंग। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कार्यालय के द्वारा कैम्प में विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे- दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, एवं शल्य चिकित्सा आदि लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन कराये जायेंगे।जिला पूर्ति अधिकारी, द्वारा कैम्प में राशन कार्ड से वंचित दिव्यांगजन के राशन कार्ड हेतु आवेदन कराये जायेंगे।

# धार्मिक माहौल बिगाड़ने का बयान देते हैं बाबा बागेश्वर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**





**सम्भल।** बाबा बागेश्वर के मंदिर, मस्जिद और गिरजाघरों में राष्ट्रीय गान गाने वाले बयान पर धर्मगुरुओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बाबा बागेश्वर पर आरोप लगाया कि वह समाज में फूट डालने और धार्मिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप लगाये। मौलाना वसी अशरफ ने कहा कि बाबा बागेश्वर का बयान सिर्फ अपनी कथित देशभक्ति दिखाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद और गिरजाघर जैसे धार्मिक स्थलों पर हमेशा धार्मिक ग्रंथों का पाठ होता है। उन्होने इतिहास की जानकारी देते हुए कहा, कि जब 1857 में जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, तब सबसे पहले मुस्लिम उलमाओं ने अंग्रेजों के खिलाफ फतवा दिया था। देश की आजादी की खातिर ढाई हजार उलमाओं की लाशें दिल्ली से लेकर लाहौर तक पेड़ों पर लटकाई गई थीं। उन्होंने कहा कि मदरसों में हमेशा से वतनपरस्ती यानी देशभक्ति सिखाई जाती है। मौलाना ने कहा कि यह बयान केवल लोगों का धयान भटकाने और अपने किसी केस से बचने के लिए देकर सरकार की आंखों में धूल झोंकने का यह तरीका अब नहीं चलेगा। मुफ्ती आलम रजा नूरी नूरी ने कहा कि बाबा बागेश्वर इस तरह के मुद्दे उठाकर क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का हर नागरिक अपने देश से मोहब्बत करता है। हिंदू, मुस्लिम, सिख और इसाई सबने मिलकर भारत को आजाद कराया है। हभारत का हर नागरिक भारतीय होने पर फख्र करता है। धार्मिक यात्राओं में भी लोग तिरंगा लेकर चलते हैं, जो उनकी वतनपरस्ती का प्रमाण है। उन्होने बाबा बागेश्वर पर सवाल उठाते हुए कहा, ह्वह होते कौन हैं मुसलमानों से वतनपरस्ती का प्रमाणपत्र मांगने वाले। भारत में रहने वाला हर मुसलमान इस देश और इसके नागरिकों से मोहब्बत करता है। धर्मगुरुओं ने बाबा बागेश्वर से अपील की कि वह ऐसे बयान न दें, जिससे समाज में नफरत फैले। उन्होंने कहा कि देशभक्ति किसी एक धर्म की जागीर नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय के दिल में बसती है।

# बारिश से गंगा का जल स्तर निरंतर बढ़ रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बारिश के चलते राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ गया। जिसके चलते गंगा घाट पर स्नानार्थियों से सावधानी से स्नान करने की प्रशासन व समिति ने चेतावनी दी है।

राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ गया। माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के आरती पुरोहित सत्यम मिश्रा ने कहा कि लोगों को जल का स्तर बढ़ा होने के कारण लोगों को ज्यादा गहरे तक में जाने से समिति सदस्यों व गोताखोरो ने मना कर दिया है। राजघाट गंगा के गोले पर पानी के वहाव तेज चल रहा है। गंगा

**○जल पर पूरी तरह रखी जा रही है निगरानी**

में जल बढ़ने से गंगा किनारे के बसे गांव के ग्रामीणों को बाढ़ की चिंता सताने लगती है। सोमवार से नरौरा बैराज पर शाम 8 बजे 172128 क्यूसेक पानी डाउन पर चल रहा है। जबकि मंगलवार को शाम 6 बजे 186672 क्यूसेक पानी डाउन में था। इसमें वृद्धि हो रही है। गुन्नौर उपजिलाधिकारी अवधेश वर्मा ने बताया कि जल पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। बाढ़ चौकियां स्थापित हैं। क्षेत्र में जल के बढ़ते -घटते जल स्तर पर प्रशासन की पैनी नजर है।

# दैहिक दैविक भौतिक तापों से अनंत देव करते हैं हमारी रक्षा: शास्त्री



**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम मौहम्मदपुर टांडा गांव में आयोजित बैठक के दौरान कवित आचार्य जी ने बताया कि वह 2012 ईस्वी से अनंत चतुर्दशी के अवसर पर यज्ञ का आयोजन करते आ रहे हैं। जिसमें अनंत नारायण की पूजा की जाती है, शास्त्रों में बताया गया है कि जब पांडव 12 वर्षो का बनवास काट रहे थे उसी समय भगवान श्री कृष्ण ने धर्मराज युधिाष्ठर को अनंत भगवान की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीकृष्ण की बात मानकर पांडवों ने अनन्त देव की पूजा की और 14 गांठों बाले रक्षा सूत्र को धारण किया जिसके फलस्वरूप उनको कौरवों से विजयश्री प्राप्त हुई और वह राजा बने, गुरु जी ने कहा जो भी इस अभिमंत्रित धागे को धारण करता है और भगवान अनंत देव का पूजन व दर्शन करता है उसकी अनंत देव सभी प्रकार से रक्षा करते हैं दुर्घटना अकाल मृत्यु आदि का भय नहीं रहता। सभी प्रकार से नजर टोना टोटका बीमारियों से उसकी रक्षा अनंत रक्षा सूत्र करता है, रक्षा सूत्र कि ये विशेषता है कि यह सूतक पातक ग्रहण आदि से भी खंडित नहीं होता एक वर्ष तक निरंतर शुद्व रहकर हमारी रक्षा करता है। अबकी बार अनंत चतुर्दशी 6 सितम्बर शनिवार को सम्भल जिले के तिगरी गांव की यज्ञशाला पर अनंत पूजा आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को रक्षा सूत्र प्राप्त करने का समय दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक रहेगा पूजा का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक रहेगा। बैठक में अर्पित मिश्र, अंकित शर्मा, मनु शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र अशोक व उसकी पत्नी कामनी मुझे व मेरे परिवार को दिक व परेशान करते हैं। उक्त दोनों समझाने पर भी कहना नहीं मानते है और आत्म हत्या कर झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी देते हैं और मेरे साथ मारपीट करते हैं।कई बार मेरी हत्या का इरादा भी जाहिर किया है। इसलिए मैने अपने पुत्र व पुत्रवध को उनके गलत कृत्यों के कारण सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह दोनो अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मायादेवी पत्नी स्व. जोरा सिंह**
नि. मौ. शहजादी सराय वार्ड न. 4 थाना तहसील व जिला सम्भल।

# रोटरी क्लब ने शिक्षकों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रोटरी क्लब सम्भल मिड टाउन के तत्वाधान में शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

हयात नगर के राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज और व.च.स.पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। जबकि एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने बताया कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर समर्पित है। शिक्षक हमको जिम्मेदार नागरिक. अच्छा चरित्र और भविष्य संवारने में मदद करते हें। इस दुनिया में गुरु से ज्यादा कोई दानी नहीं है। इस दौरान राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सितारा सिंह और व.च.स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य शिवानी गुप्ता को स्कूल को नई ऊँचाईयों में पहुंचाने के लिए इंटरनेशनल रोटरी की तरह से आए प्रमाण पत्र देकर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। जबकि एंजेल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य तेजवीर सिंह, दीपक कुमार, जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज सतपूरा,शंकर भूषण जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह बर्तवाल,सरस्वती इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा को सम्भल क्षेत्र में उच्चतम शिक्षा के महत्तवपूर्ण कार्य के लिए इंटरनेशनल रोटरी से आए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुमित अग्रवाल, आलोक गुप्ता ,वेद प्रकाश चहल, टिंकू टण्डन, नीरज भारद्वाज., शिवांश अग्रवाल, हरदीप क्विटी, गौरव वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय, आदि उपस्थित रहे।



# विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न

## योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता और पारदर्शिता जरूरी, अधिकारी गंभीरता दिखाएं: मण्डलायुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाएं, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, पर ड्रॉप-मोर क्रॉप, जल जीवन मिशन, एकीकृत बागवानी मिशन, 15वां वित्त, राज्य वित्त, विद्युत आपूर्ति, कृषि, आरआरसी और कूड़ा कलेक्शन कार्य, पंचायत भवनों में जन सेवा केंद्रों का संचालन, निराश्रित गौवंश संरक्षण, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, आईसीडीएस, एनआरएलएम, विद्युत सखी, लखपती दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा और जल संचयन सहित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव की कम रिपोर्टिंग के मुद्दे पर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। टीबी मॉनिटरिंग की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि आउटसोर्स/संविदा कर्मियों की लापरवाही से यदि प्रगति प्रभावित होती है तो उनकी सेवाएं समाप्त होनी चाहिए। इसके साथ ही हर चिन्हित टीबी मरीज से उसके स्वास्थ्य में सुधार की नियमित रूप से मॉनिटरिंग होनी चाहिए। आशाओं द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराए जाने के प्रकरण में एफआईआर के साथ ही उनकी सेवाएं समाप्त करने में भी कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जन आरोग्य मेले में चिकित्सकों की गैरमौजूदगी की शिकायतों पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, सभी सीएमओ प्रभावी नियंत्रण और गंभीरतापूर्वक स्वास्थ्य मेलों का



आयोजन कराएं। उन्होंने बिना डिग्री और संसाधनों के प्रसव और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले अनाधिकृत अस्पतालों पर नियमित तौर पर कार्यवाही के भी निर्देश दिए। कीटनाशी बिक्री केंद्रों पर बिकने वाले कीटनाशी रसायनों की गुणवत्ता दुरुस्त बनाए रखने के सम्बन्ध में उन्होंने मंडल में कृषि विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की और सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधोमानक कीटनाशी रसायनों की बिक्री करने वालों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। खाद की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था के संबंध में मंडलायुक्त ने कहा कि किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, अनाधिकृत रूप से भंडारण करने वाले चिन्हित लोगों के साथ ही अनियमितता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। गौशालाओं में गौवंश के संरक्षण में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने सभी सीव. ीओ को सतर्कता बरतने के लिए निर्देश दिए। वर्ड फ्लू की स्थिति के बारे में भी मंडलायुक्त ने जानकारी ली और अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा। पेट्रोल पंपों पर पूर्व में स्थापित कराए गए बेबी फीडिंग रूम सक्रिय स्थिति में रहें, इस संबंध में उन्होंने सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों पर निर्धारित शर्तों के अनुसार सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। रामपुर के टांडा में पांच वर्ष पूर्व निर्मित मॉडल इंटर कॉलेज की छत टपकने और बिलासपुर में राजकीय हाईस्कूल की बिल्डिंग 15 साल में ही जर्जर होने के प्रकरण में मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी रामपुर को जांच कराने तथा बिजनौर में बरसात में मनरेगा के तहत मिट्टी कार्य कराए जाने के प्रकरण में डीएम बिजनौर को जांच कराने के लिए निर्देश दिए। तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए अमरोहा में चलाए जा रहे मिशन-500 की मंडलायुक्त ने सराहना की, उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में यह बेहत. रीन पहल है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित अधिकारी मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह, जिलाधिकारी रामपुर श्री जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर, जिलाधिकारी अमरोहा श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी सम्भल श्री राजेंद्र पेंसिया सहित समस्त मुख्य विकास अधिकारी और अन्य संबंधित मंडलीय और जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

## एक नजर

### ईद मिलादुन्नबी को लेकर मीटिंग का आयोजन



**मूंढापांडे।** ब्लॉक मूंढापांडे क्षेत्र के गांव दलपतपुर दारुल उलूम इस्लामिया हघ्नफिघ्या दलपतपुर में जुलूसे मोहम्मदी के बारे में इलाकेघ के खाघ्स लोगों की मीटिंग हुई । मीटिंग के अंदर सैयद दानिश मियां ने जुलूसे मोहम्मदी में चलने के आदाब और सीरत- ए- मुस्तफाघ और बहुत सी अदब की बातें बताईं। साथ ही साथ मदरसे के प्रबंधक काघ्री अफजाल कादरी ने मदरसे का लेखा-जोखा लोगों के सामने रखा और बताया की मदरसे में प्रतिमाह कितनी आमद है,आखिर में लोगों ने अपने जरूरी मशवरे दिए और जुलूसे मोहम्मदी के बारे में बताया और कहा कि जुलूस के मौके पर किसी को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए जुलूस को अपनी साइड में लेकर चलें जिसमें पुलिस प्रशासन पत्रकार बंधुओ का भी सहयोग रहता है,काघ्री अफजाल काघ्दरी,मुफ्ती इकराम उल हक काघ्दरी,सैयद दानिश मियां, सैयद सरताज मियां मौलाना मंजूघ्र हाफिज अमजद अली मकसूद अली शहादत पत्रकार शाहिद रब्बानी पत्रकार मौजूद रहे।

## जश्ने मोहम्मदी की तैयारियां पूर्ण, आज 2 बजे निकलेगा जश्ने मोहम्मदी का जुलूस : सूफी रशीद अहमद



**कुंदरकी।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारी लेकर मदरसा बशीरुल उलूम के सदर सूफी रशीद अहमद ने बताया सोमवार को यानी 5 सितंबर शुक्रवार यानी आज जुम्मे के बाद 2 बजे जश्ने मोहम्मदी मनाया जाएगा जिसमें हाईवे स्थित मदरसा बशीरुल उलूम से दोपहर बाद नमाजे जोहर यानी की 2 बजे जुलूसे मोहम्मदी निकाला जाएगा। सुन्नी बरेलवी फेडरेशन के अध्यक्ष सैयद डॉक्टर नासिर मिया उलमाए दीन जुलूस को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसमें नगर तथा आसपास के मदरसे के बच्चे जुलूस मोहम्मदी शामिल होंगे तथा नगर के निर्धारित मार्ग से होता हुआ जुलूसे मोहम्मदी मदरसा बशीरूल उलूम अपने स्थान पर जाकर समाप्त हो जाएगा। जुलूस में मदरसे के बच्चे हाथों में इस्लामी हरे झंडे लेकर जुलूस में शामिल होंगे और सरकार की आमद मरहबा बुलंद होगी। इसके अलावा जुलूस में घोड़े आदि निकाले जाएंगे।

## बृजेश चौधरी ने आईफा को छोड़कर थामा उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद का दामन

**कांठ।** आईफा के प्रदेश सचिव रहे बृजेश चौधरी ने आज अपने पद से इस्तीफा देकर उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद का दामन थाम लिया। जिसमें उन्हें प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी गई परिषद की बैठक का आयोजन प्रदेस अध्यक्ष मोहम्मद अली खान की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण माथुर भी उपस्थित रहे इस दौरान कोटेदारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई तथा नए पदाधिकारी को मनोनीत किया गया। बृजेश चौधरी को परिषद का प्रदेश सचिव घोषित किया गया कांठ तहसील अध्यक्ष श्रीमती कविता राठी को बनाया गया। बलराम सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया मुरादाबाद की महानगर कार्यकारिणी में मोहम्मद रिहान खान व राजीव पथिक को प्रदेस कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके



अलावा महानगर की कार्यकारिणी में राम बहादुर राकेश मनवीर विजय गुप्ता शमशाद अली अरशद हुसैन आदि को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीताराम भी मौजूद रहे।

## पत्रकार की पत्नी का बीमारी से निधन, छाई शोक की लहर



**कांठ।** पत्रकार ओंमकार सिंह बिश्नोई की पत्नी उषा देवी का बीमारी के चलते निधन हो गया जिससे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई स्थानीय शमशान में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी अमृत विचार समाचार पत्र के पत्रकार ओंकार सिंह बिश्नोई की पत्नी उषा देवी कई माह से बीमार चल रही थी इस वक्त उनका दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था जहां रात को उन्होंने अंतिम सांस ली, सुबह को उनका शव मोहल्ला पट्टी वाला पहुंचा तो इसकी खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय श्मशान में दोपहर को उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बेटे गौरव बिश्नोई ने दी। इस दुख की घड़ी में भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी श्री ओम बिश्नोई पत्रकार सुदेश बिश्नोई भावेश शर्मा अनिल शर्मा संजय यादव ओमवीर सिंह तनवीर आलम पंकज भदौरिया देवेंद्र बिश्नोई शाकिर अली सत्यम वर्मा एवं राजपाल सिंह भगत जी राकेश बिश्नोई वीरेंद्र सिंह रविंद्र सिंह सेठ अशोक नेताजी सतपाल दीवान जी आदि बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

## पैदल जा रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर



**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र पेपट पुरा में एज तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी,जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार बाइक लेकर मौके से फरार हो गया,हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और महिला के परिजनों को सूचना दी।

हादसे की जानकारी लगते ही घायल महिला के परिवार में हड़कंप गया और वह पुलिस की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे। घायल महिला के परिजनों ने बताया की जगवती पत्नी विक्रम सिंह,जोकि पेपट पुरा एकता कॉलोनी थाना मझोला की निवासी है।वह बुधवार की रात अपने पशुओं को लेकर अपने घर जा रही थी, जैसे ही वह मंडी समिति के पीछे पेपटपुरा में पहुंची तभी तेज रफ्तार बाइक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर मारने के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। क्षेत्र के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल महिला जगवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसका उपचार चल रहा है।

## साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज कुमार कुंज जीएमडी रोड मुरादाबाद में गुरुवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों और कार्यप्रणाली के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर बीआईएस के रिसोर्स पर्सन डा. कोमल जुगलान ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा छात्रों को मानक लिखने की विधि विस्तार से समझाई। मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक सुशील साहू ने छात्राओं को बीआईएस और उनके बनाए गए मानकों का महत्व बताया तथा छात्रों को दैनिक जीवन में मानकों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि गौरांग साहू व राधिका साहू ने मानक क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहीं हृदयंशी जोशी को



1000/-, द्वितीय स्थान पर रही गार्गी गोयल को 750/- और तृतीय स्थान पर तानिया लोधी को 500/- नकद पुरस्कार स्वरूप दिए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो, जो भारत में उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता मानकों की स्थापना के लिए जिम्मेदार संगठन है। यह सुनिश्चित करता है कि वस्तुएं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करती। उन्होंने बीआईएस टीम का इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन बीआईएस की मेंटर डॉ श्वेता गुप्ता ने किया। कार्यालय सहायक निमित जायसवाल का विशेष सहयोग रहा। 1

## बारिश ने बिगाड़ा मेले का रंग दुकानदारों की बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लगातार हो रही बारिश ने गणेश मेले की रौनक फीकी कर दी है। पिछले तीन दिनों से भारी बरसात के चलते कई बार मेला बंद करना पड़ा। बारिश के कारण दर्शकों की संख्या में भारी कमी आई है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग अब मेले में नहीं पहुँच पा रहे हैं। बारिश से दुकानदारों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि रोजाना हो रही बरसात से बिक्री प्रभावित हो रही है, और यदि हालात ऐसे ही रहे तो खर्च निक. ालना भी मुश्किल हो जाएगा। दुक. ानदारों ने उम्मीद जताई है कि यदि अगले पाँच-छह दिन बारिश थम जाए तो स्थिति सुधर सकती है। इधर अधिक बरसात के बीच एक दर्दनाक हादसा भी हो गया।

नाले में बाइक फिसलने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। बुधवार की रात भी बूंदाबांदी होती रही, जिसके चलते मेला इंचार्ज सत्येन्द्र पंवार ने सुरक्षा की दृष्टि से झूलों को रुकवा दिया। उन्होंने कहा कि बारिश में करंट का खतरा रहता है, ऐसे में एहतियात बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का निरीक्षण भी किया।

## पुलिस ने अलग-अलग मामलों में किया चार का चालान



**कांठ।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार का चालान कर अदालत के सामने पेश किया है। मिली जानकारी के मुताबिक नासिर पुत्र लतीफ निवासी ग्राम अकबरपुर चौदरी एवं राशिद पुत्र रशीद निवासी मोहल्ला विद्या शाह कस्बा उमरी कला को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर चालान किया। यह दोनों लोग वारंटी बताएं गए हैं। इसके अलावा अदनान पुत्र मोहम्मद साजिद निवासी मोहल्ला पटेगंज व शुभम पुत्र राजेंद्र निवासी नारायणपुर थाना अमरोहा देहात को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर सजा शहर



**चन्दौसी।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की गलियां, बाजार और घर रंग-बिरंगी सजावट से जगमगा उठे हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। आज 05 सितंबर, शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शहर इमाम मुहम्मद नाजिम ने बताया कि इस पर्व का मुस्लिम समाज में विशेष महत्व है, इसलिए तैयारियां एक माह पहले से ही शुरू कर दी जाती हैं। इस मौके पर नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के जनपदों बरेली, अलीगढ़, मुरादाबाद, बदायूं, अमरोहा, दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ से भी बड़ी संख्या में लोग जुलूस में शामिल होने आते हैं। नगर के लक्ष्मणगंज, नौनवाला, कागजी मुहल्ला, कुरैशियान, सराय, जारई गेट सहित विभिन्न मुहल्लों में युवा वर्ग ने जुलूस के लिए आकर्षक झांकियां और सजावटी आइटम तैयार किए हैं। इधर, कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एएसपी अनुज चौधरी ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी प्रेम और भाईचारे का पर्व है। उन्होंने अपील की कि सभी नागरिक इसे शांति और आपसी सहयोग से मनाएं। साथ ही चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, वाहन चालकों को पहनाए हेलमेट

**चन्दौसी।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के बरी चौराहे पर गुरुवार को यातायात पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार एवं सिपाही सत्येन्द्र कुमार ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई और उन्हें सड़क पर सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही करीब दस वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया गया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि हेलमेट न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## चन्दौसी को मिलेगा नया बाईपास, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी सम्भल के निर्देशन और जिला प्रशासन की दूरदर्शिता से चन्दौसी शहर को नया बाईपास मार्ग मिलने जा रहा है। यह बाईपास खुर्जा गेट स्थित अंबेडकर पार्क से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग मुरादाबाद-अलीगढ़ को जोड़ेगा। इस मार्ग के बनने से चन्दौसी शहर की आधी आबादी के आवागमन का दबाव इसी बाईपास पर शिफ्ट हो जाएगा। परिणामस्वरूप शक्ति नगर, सम्भल गेट, गौशाला रोड, मुंसिफ रोड और स्टेशन रोड पर यातायात का बोझ काफी कम होगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इस बाईपास के निर्माण पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने से न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच भी आसान होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की अनुकंपा और सहयोग से चन्दौसी के विकास को नई गति मिल रही है। यह बाईपास शहर की वर्षों पुरानी ट्रैफिक समस्या का समाधान साबित होगा।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर इकाई द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय पर एक विशाल प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित था, जिसमें श्रीरामस्वरूप विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज, बाहरी गुंडों के हमले, विश्वविद्यालय प्रशासन की अनियमितताओं एवं अवैध पाठ्यक्रम संचालन के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की गई।परिषद के महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने कहा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे परिषद कार्यकर्ताओं व छात्रों पर पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों द्वारा किए गए हमले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए तथा जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को दंडित किया जाए।एवं अवैध पाठ्यक्रम संचालन पर कार्रवाई ख़बिना नवीनीकरण व अनुमा. ेदन के चल रहे विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की गहन जांच कर दोषी प्रशासनिक अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध संचालन को तत्काल रोका जाए।महानगर सहमंत्री छवि नाथ अरोरा ने कहा कि छात्रों का निष्कासन वापस लिया जाएख़



आंदोलन में शामिल छात्रों को बिना चेतावनी के निष्कासित किया जाना अवैधानिक है।

इसे तत्काल रद्द कर विद्यार्थियों को न्याय दिलाया जाए एवं विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 6 बीघा सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे और निर्माण को तत्काल हटाया जाए तथा लगाए गए 27.96 लाख के जुर्माने की वसूली सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि विवि द्वारा विलंब शुल्क व सामाजिक कल्याण शुल्क के नाम पर की जा रही अवैध वसूली की जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए परिषद के अन्य नेताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रही है। यदि 48 घंटे के भीतर उपरोक्त मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो परिषद प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।प्रदर्शन मेमहानगर सहमंत्री छविनाथ अरोड़ा, साहिल कठेरिया, राजा शर्मा, अनमोल शर्मा, कुशल शर्मा अनिकेत यादव, प्रिन्स सिंह,विशद भास्कर, शिवा चहल, ऋतिक दिवाकर,मयूर पाल अंकुर गौतम, अनिकेत शर्मा, आयुष वर्मा, राज गुप्ता, शिवम् ठाकुर, प्रशांत शर्मा, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्राह्मण महिला सभा ने भजन संध्या में की गणपति आराधना

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**O.S. No.:** 960 सन् 2010
**तारीख पेशी:** 10.09.2025
**शावेज़ अख्तर बनाम मौ. असलम**
**बनाम**
1. मौ. असलम आयु 59 वर्ष पुत्र श्री शमशाद हुसैन निवासी मौहल्ला गुईयां बाग शहर व जिला मुरादाबाद।
2. नईम खान आयु 55 वर्ष पुत्र श्री नबील हुसैन निवासी मौहल्ला गुईयां बाग शहर व जिला मुरादाबाद।

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत माह के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 10 माह 09 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 04 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी०डि०), मुरादाबाद।**

**तारीख पेशी:** 03.10.2025 W.S.Issues
**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**न्यायालय M.A.C.T. (जनपद न्यायाधीश)** महादेय, मुरादाबाद।
**M.A.C.P. No.:** 503 सन् 2023
**जोगेन्द्र आदि बनाम हनीफ आदि।**
**बनाम**
1. हनीफ पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम ग्वारखेड़ा थाना बिलारी, मुरादाबाद।
2. शाहिद पुत्र भूरा निवासी ग्राम ग्वारखेड़ा थाना बिलारी-मुरादाबाद।

**जोगेन्द्र** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 03.10.2025 **W.S.Issues** को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा। यह आज तारीख 04 सितम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।

**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

# 14 वर्षों बाद महिला को मिला पति का मृत्यु प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के अथक प्रयासों से एक महिला को 14 वर्षों बाद उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। यह मामला सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से अत्यंत संवे. दनशील था जिसमें विधवा महिला वर्षों से सरकारी योजनाओं व विधिक लाभों से वंचित थी। पीडिघ्ता बबली पत्नी स्व. अतलेश निवासी ग्राम रुस्तमगढ़ ने बताया कि उसके पति अतलेश का निधन वर्ष 2011 में हो गया था, परंतु विभिन्न प्रशासनिक एवं दस्तावेजी कारणों से अब तक उनका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाया था। इसके चलते महिला को विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, राशन कार्ड में नाम परिवर्तन तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। महिला ने इस सम्बन्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी में पराविधिक स्वयंसेवक के माध्यम से सम्पर्क किया। प्राधिकरण के प्रभारी सचिव आदित्य सिंह के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित किया गया एवं पराविधिक स्वयंसेवक अतुल कुमार के निरंतर प्रयास से आवश्यक दस्तावेज संकलित करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाया गया। यह घटना इस बात का उदाहरण है कि न्याय तक पहुंच केवल अदालतों से नहीं, बल्कि विधिक सेवा संस्थाओं के माध्यम से भी सम्भव है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमजा. ेर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है, जिससे वे अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा कर सकें। हालांकि यह मामला सरकारी तंत्र की सुस्ती और देरी से काम करने की प्रवृत्ति पर भी सवाल खड़ा करता है।

जब देश डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहा है, तब 14 वर्षों तक एक महिला को अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र न मिल पाना यह दर्शाता है कि तकनीकी सुविधाओं और सरकारी दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्था अब भी कितनी कमजोर है।

# पालिका ने चलाया एंटी लार्वा छिड़काव अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद ने नगर में एंटी लार्वा अभियान चलाया। बरसात के मौसम में मच्छरों की बढ़ती तादाद और डेंगू के प्रकोप को देखते हुए पालिका सक्रिय हो गई है। गुरुवार को नगर में व्यापक स्तर पर एंटी लार्वा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। अभियान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मो. इरफान सैफी एवं अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह के आदेशानुसार चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस छिड़काव से नगर में मच्छरों के प्रकोप पर काबू पाया जा सकेगा और बीमारियों के प्रसार को रोका जाएगा। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों व आसपास गंदा पानी जमा न होने दें और स्वच्छता बनाए रखें, ताकि मच्छरजनित रोगों से बचाव संभव हो सके। अभियान के दौरान प्रभारी मोनू उर्फ चंचल कुमार, राकेश कुमार, सफाई हमराही नायक, आकेश कुमार समेत अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद रहे और विभिन्न मोहल्लों व गलियों में एंटी लार्वा छिड़काव किया।

## एक नजर

### शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**मूढ़ापांडे।** मिनी स्टेडियम मुंडापांडे में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि नवनिर्माण में श्रद्धेय गुरुजनों का योगदान और सहयोग अतुलनीय है। नि:संदेह, आप सभी के आशीर्वाद से ही देश और प्रदेश नवनिर्माण के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है, जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे, महान शिक्षाविद्, श्रद्धेय डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने जिस शिक्षित और सामर्थ्यवान देश का सपना देखा था। ऐसे में उनका सम्मान भी जरूरी है। हमारी सरकार ने विद्यालयों का कायाकल्प किया है, सपा सरकार सभी को बच्चों को पाठ्य सामग्री और ड्रेस तक नहीं मिल पाती थी। हमारी सरकार सीधे अभिभावक के खाते में पैसे भेज रही है। हमारी विधानसभा का कोई भी स्कूल में किसी भी सुविधा से वंचित नहीं रहेगा और किसी भी शिक्षक को कोई भी असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राकेश चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार, सचिन शुक्ला, राजेश सिंह, अजयपाल सिंह, हिमांशु वशिष्ठ, सुमित कुमार, मेघा, अंजलि, ज्ञानवती, आशीष कुमार, सत्यपाल सिंह, चंद्रपाल, अनीता, सुनीता, राकेश, पप्पू सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### पर्यूषण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया



**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बिलारी में प्रात: काल सभी जैन अनुयायियों द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का शुद्ध जल से अभिषेक किया गया उसके उपरांत श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की गई उसके बाद अभिषेक आरती की गई आज सामूहिक पूजा में सिद्धेश क्षेत्र शिखरजी मक्सी पार्श्वनाथ भगवान कुंथनाथ भगवान देव शास्त्र गुरु चौबीसी भगवान सोलह कारण दस लक्षण धर्म श्री अर नाथ भगवान मल्लिनाथ भगवान एवं रतनय आदि की रही उत्तम त्याग धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए कौशल जैन ने बताया कि ष्संसार की कोई भी वस्तु साथ जाने वाली नहीं है अत: इसका त्याग करना चाहिए जड़ वास्तु के त्याग से मुक्ति की प्राप्ति होती है एक त्याग के कारण ही सिंह स्वर्ग का देव हुआ और यह प्राणी कालांतर में भगवान महावीर हुए आज मंदिर में उपस्थित रहे रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन चारू जैन शगुन जैन मिशिता जैन आयॉश जैन कल्पना जैन गरिमा जैन पावनी जैन रेनू जैन मानसी जैन शशि जैन पूजा जैन सर्वांग जैन सुरभि जैन लवी जैन नेहा जैन खुशी जैन वर्णिका जैन निधि जैन अन्वी जैन राकेश जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन अभिषेक जैन प्रतीक जैन समीर जैन तनिष्क जैन शशांक जैन विपुल जैन रजत जैन आरभ जैन आशा जैन निधि जैन आदि मौजूद रहे।

### रानी प्रीतम में मनाया राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्मदिन

**बिलारी।** रानी प्रीतम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रुस्तमनगर सहसपुर में भारत के पहले उपराष्ट्रपति व दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह महान शिक्षक थे। जिनका जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ। उनकी इच्छा के मुताबिक उनका जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में 5 सितंबर 1962 से मनाया जाने लगा है। इस मौके पर कॉलेज में प्रार्थना सभा भी की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर,परमानंद सक्सेना ने दीप प्रज्वलन किया। इस बीच गुरु की महिमा के बारे में बताया। वही नृत्य नाटिका, गीत आदि की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में प्रभारी अमित सक्सेना आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस मद्देनजर नगर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। गुरुवार को डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी ने नगर के प्रमुख जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी एसपी ने मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस टीम को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना से निपटने के लिए सतर्क रहें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखें।इस अवसर पर जुलूस के सदर हाजी मुख्यतार सैफी भी मौजूद रहे।

उन्होंने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि त्योहार सभी समुदायों की भागीदारी से शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे।डिप्टी एसपी ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने साफ कहा कि नगर में किसी भी प्रकार की अराजकता या अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेश सिंह, उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, ललित कुमार, तेजपाल सिंह कॉस्टेबल योगेश कुमार सुरेश कुमार गौतम, गौरव कुमार योगेश कुमार, रजत वालियां, गोपाल सिंह,व नगर के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

# विधि विधान से किया भगवान गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**कांठ।** नगर के वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर में चल रहे गणेश महोत्सव का आज समापन हो गया पंडित सुरेंद्र शर्मा एवं भागवत आचार्य शुभम शास्त्री ने वैदिक मन्त्रो का उच्चारण करते हुए हवन कराया और भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने को कहा। हवन उपरांत गणपति भगवान व सभी देवी देवताओं की आरती की गई और प्रसाद का वितरण हुआ कमेटी के सदस्यों ने घर पर विराजमान भगवान गणपति की प्रतिमा ढोल के साथ मंदिर में रक्खी। गन्ना समिति के अध्यक्ष कुबर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई द्वारा फीता काटकर प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा का शुभारंभ कराया गया। गजानन की प्रतिमा को घोड़े के रथ के द्वारा ले जाया गया शोभा यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड मिश्रीपुर चौराहा जाहरवीर मंदिर तक पैदल चली उसके बाद अपने-अपने वाहनों द्वारा नील सरोवर तक पहुंची और रामगंगा नदी में जाकर गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया। इस मौके पर अनिल कुमार बिश्नोई प्रमोद कुमार बिश्नोई विजेंद्र बिश्नोई साहू पार्थ बिश्नोई बबलू मराठा भरत बिश्नोई अभय बिश्नोई अनुज बिश्नोई गौरव बिश्नोई उत्कर्ष बिश्नोई मनोज बिश्नोई इंद्रपाल सिंह ऋषिकांत बिश्नोई ज्योति मराठा सविता नमिता बिश्नोई विनीता आशी गुनगुन बिभु लक्ष्य आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

## पाठ के समापन उपरांत गांव में की धार पूजा



**कांठ।** अविहफिजपुर के ग्रामीणों ने गांव में सुख शांति के लिए मां चामुंडा को प्रसन्न करने हेतु सात दिवसीय पाठ का आयोजन कराया पंडित अनुज कुमार शर्मा ने 7 दिनों से पाठ किया जिसका आज समापन किया गया। समापन उपरांत यज्ञ का आयोजन हुआ और गांव की सुख शांति के लिए भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर गांव के चारों ओर दूध मिश्रित जल की धार लगाकर पूजा की गई। इस अवसर पर डॉक्टर अंगद चौहान नीलम चौहान प्रधान लोकेंद्र सिंह जतिन चौहान कर्मेंद्र सिंह घनश्याम सिंह अतर सिंह दिलीप कुमार शिवराज सिंह मुकुल शर्मा नरेंद्र कुमार श्यामलाल सिंह सरदार सिंह मेघराज सिंह आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## हावर्ड कान्वेंट में शिक्षक दिवस को किया केक काटकर सेलिब्रेट



**कांठ।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी ने किया। शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई द्वारा देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं शिक्षाविद राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर केक काटकर किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत,नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिताएं एवं अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने शिक्षकों एवं छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शिक्षक न केवल छात्रों का मार्गदर्शक होता है बल्कि वह उनके भाग्य का भी विधाता होता है। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु को समर्पित पंक्तियो सारे तीरथ धाम आपके चरणों में। हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में।। ने समस्त श्रोतागणों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समस्त शिक्षकों की कड़ी मेहनत के लिए एवं शिक्षक दिवस को सफल बनाने में समस्त शिक्षको एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

## सोई हुई सरकार को जगानेष्के लिए चलेगा हैशटैग अभियान

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर शिक्षक दिवस 5 सितंबर को 1:00 बजे प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ( उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षक महासंघ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार एक्स हैंडल/ ट्विटर पर हेसटैग अभियान चलाया जाएगा स संघ के मांडलिक संगठन मंत्री सर्वेश शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने सभी शिक्षको से सभी काम छोड़कर समय से हैसटैग अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का आह्वान किया है ताकि यह सोई हुई सरकार जाग सके।

# बाल वाटिका कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों को ब्लॉक प्रमुख पति ने सरकार की शिक्षा नीति से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक के ग्राम कुआंखेड़ा खालसा स्थित प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित बाल विकास परियोजना के तहत बाल वाटिका कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सरकार की शिक्षा नीति से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर अभिभावक अपने बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। कार्यक्रम में सीडीपीओ अनीता, ब्लॉक समन्वयक संदीप कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ओमलता देवी, लता देवी, सुनीता रस्तोगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव



कुमार, मुकेश चौधरी, खेमचंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## नगर में कोचिंग सेंटर पर विवाद वीडियो वायरल

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक कोचिंग सेंटर का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा खड़ा हो गया है। वीडियो में जन्मदिन समारोह के दौरान कुछ युवक अशोभनीय हरकतें करते दिखाई दे रहे हैं। जिसमे कोचिंग सेन्टर का शिक्षक स्वयं भी शामिल है। इस दौरान छात्राऐ भी मौजूद थी । आरोप है कि इस कार्यक्रम में अश्लील डांस और अभद्र गतिविधियाँ की गईं, जिस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटर नगर में एसडीएम कोर्ट के सामने स्थित है। वीडियो में शामिल युवकों पर आरोप लगाया गया है कि वे पढ़ाई के नाम पर छात्रों को गुमराह कर रहे हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों और समाजसेवी संगठनों ने चिंता जताई है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

इस मामले में कई संगठनों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अभिभावकों से अपील की जा रही है कि वे अपने बच्चों व बच्चियो की पढ़ाई और कोचिंग संस्थानों पर विशेष ध्यान दें।

## गणपति बप्पा की प्रतिमा का धूमधाम से किया गया विसर्जन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं ने महाआरती कर गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया। विसर्जन यात्रा शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर बड़ी मंडी, घास मंडी, मुख्य बाजार और बस स्टैंड से होते हुए ढेला नदी स्थित रामगंगा तक पहुँची। इस दौरान भक्तों ने गुलाल की होली खेलते हुए, पुष्प वर्षा कर झूमते-नाचते गणपति बप्पा की झांकी का स्वागत किया। जगह-जगह श्रद्धालु ष्गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आष के उद्घोष लगाते रहे। ढेला नदी के किनारे पहुंचे जहां भक्तों ने गणपति प्रतिमा का पूजन कर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण विदाई दी। और प्रतिमा का विसर्जन किया इस अवसर पर सुधांशु वर्मा, आकाश कुमार, विशाल कुमार, सोनू अरोरा, बृजेश अरोरा, दीपांशु वर्मा, शांतनु, हनी, दलजीत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने चलाया स्वदेशी जन जागरण हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से स्वदेशी जन-जागरण हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सह-संयोजक विष्णु अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ दृ देश को आत्मनिर्भर बनाओ के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। ० सभा स्थल पर जुटे लोगों ने 'स्वदेशी अपनाओ दृ भारत बनाओ' के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस दौरान वीर सिंह सैनी, शिवेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा दीपक वाल्मीकि , अभय प्रताप आशुतोष अग्रवाल, मुकेश चौधरी, बार अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र पाल, सौरभ अग्रवाल, विवेक शर्मा और शरद कुमार पुठिया आदि मौजूद रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0736280 व इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0581773 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु०पारूल चौहान पुत्री यादराम सिंह निवासी ग्राम मलकपुर सेमली ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

# यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन की लखनऊ इकाई का पुनर्गठन

■ **शिव शरण सिंह अध्यक्ष और नितिन श्रीवास्तव महासचिव बने**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/लखनऊ।** लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन की लखनऊ इकाई का पुनर्गठन कर वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण सिंह को अध्यक्ष और नितिन श्रीवास्तव को महासचिव नियुक्त किया गया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने लखनऊ स्थित कार्यालय में यह घोषणा की। इस अवसर पर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) के राष्ट्रीय सचिव के. विश्वदेव राव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रजत मिश्रा और यूपी यूनियन के महासचिव देवराज सिंह भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने 35 सदस्यों वाली अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया के पत्रकारों को शामिल किया गया है। पुनर्गठित कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का विवरण इस प्रकार है: अध्यक्ष: शिव शरण सिंह, महासचिव: नितिन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष: शैलेंद्र सिंहउपाध्यक्ष: रियाज अहमद, आशीष सिंह, महिमा तिवारी, हिमांशु दीक्षित सचिव: मुकुल मिश्रा, टी. एन. मिश्रा, प्रदीप सिंह बागी, अंकित श्रीवास्तव, शिव विजय सिंह, नजम अहसन, रतीश त्रिवेदी कार्यकारिणी सदस्य: अनूप सिंह, पंकज कुमार दीक्षित, अखिलेश श्रीवास्तव, विवेक त्रिपाठी, जे०पी०शुक्ला, दीप चंद्र गुप्ता, राकेश शुक्ला, इतिश्री मिश्रा, आदित्य सिंह बिशन, आदित्य शुक्ला, हुजैफा, रजनीश यादव, विक्रम सिंह, आदेश शुक्ला, अश्वनी सिंह, आशीष वर्मा, दीनदयाल मिश्रा, अतुल शुक्ला, सोनिया सिंह, नासिर खान, आनंद प्रकाश दिवेदी, शिव नरेश। विशेष आमंत्रित सदस्य: हसीब सिद्दीकी, रविंद्र कुमार सिंह, प्रेमकांत तिवारी, के०विश्वदेव राव, रजत मिश्रा, देवराज सिंह एवं रतिभान त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पहले NASIM AHMAD पुत्र SHAMIM AHMAD था। अब मैने अपना नाम **NASEEM AHMAD** पुत्र **SHAMEEM AHMAD** रख लिया है भविष्य में मुझे अब इसी नाम से जाना जाए। **NASEEMAHMAD पुत्र SHAMEEMAHMAD मोहल्ला मोहल्ला तराई थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पहले MOHAMMAD FAHEEMUDDIN पुत्र NISARAHMAD था। अब मैं अपना नाम FAHEEMUDDIN पुत्र NISARAHMAD रख लिया है। भविष्य में अब मुझे **FAHEEMUDDIN पुत्र NISARAHMAD के नाम से जाना जाए। मोहल्ला खुराड़ा, थाना शेरकोट, तहसील धामपुर जिला बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी ( मुरादाबाद )**

पत्रांक सख्या: 1663/न0पं0मह0मा0/2025-26 दिनांक:-03/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 04.09.2025 को ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। कार्यो की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्ते बेबसाईट hhps://etender.up.nic.in व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। ई-निविदाएँ दिनांक:-04. 09.2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 24.09.2025 की शाम 05.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएँ दिनांक: 25.09.2025 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद में अपरान्ह 02.00 बजे ई-निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# चलती ट्रेन से उतरना मजदूर को पड़ा भारी, दोनों पैर कटे



**मुरादाबाद।** जनपद के भगतपुर थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन से उतरना एक मजदूर को भारी पड़ गया, चलती ट्रेन से उतरने के चक्कर में मजदूर ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया और इस हादसे में उसके दोनों पैर कट गए। मजदूर को गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए भोजपुर के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने मजदूर की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां घायल मजदूर का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि मजदूर काशीपुर से मजदूरी कर अपने घर भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव जलपुर के पास बढ़पुरा का मजरा जा रहा था की चलती ट्रेन से उतरने के चक्कर में उसके साथ यह हादसा घटित हो गया। बता दे की भगतपुर थाना क्षेत्र के जालपुर हाल्ट के पास स्थित गांव बढ़पुरा का माजरा का रहने वाला गिरीश पुत्र रामकुँवर, काशीपुर मजदूरी करने गया था, वहां से वह एक एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा अपने घर जालपुर आने के लिए सवार हुआ मगर ट्रेन के जालपुर ना रुकने पर मजदूर गिरीश, चलती ट्रेन से उतर रहा था इस दौरान ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इस हादसे में उसके दोनों पैर कट गए।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए भोजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की सूचना उसके परिवार को दी। वहीं चिकित्सकों ने घायल मजदूर गिरीश की हालत गंभीर देख उसे मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां उसका उपचार चल रहा है।

# जुंए को लेकर मझोला थाना पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, दस लोगों को जुआं खेलते पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में जुआरियों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को जुआ खेलते हुए धर दबोचा। बताया जा रहा है कि लंबे समय से क्षेत्र में चल रहे जुए के अड्डे की शिकायतों के बाद पुलिस ने गुरुवार देर रात अचानक छापेमारी की, इस दौरान आधा दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए ताश की गड्डी और नगदी के साथ पकड़ लिया। बता दें कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि मझोला थाना क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर अवैध जुए का कारोबार फल-फूल रहा है। इस पर मझोला थाना पुलिस ने विशेष टीम गठित कर निगरानी शुरू की।



गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर दबिश दी गई और 10 लोगों को जुआ खेलते हुए मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए सभी आरोपियों को पुलिस ने जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर उसके बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से जुए का खेल चल रहा था, जिसकी वजह से माहौल बिगड़ रहा था। कई बार पुलिस से शिकायत की गई थी। थाना मझोला पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।वही इस पूरे मामले को लेकर एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि थाना मंझोला प्रभारी को सूचना मिली थी क्षेत्र में कुछ लोग जुआ खेल रहे है,जो मकान मालिक है वह अपने मकान में जुआ करता है। सूचना पर थाना मंझोला प्रभारी मौके पर पहुंचे और दस लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए लोगो के कब्जे से 3 लाख 52 हजार रुपए बरामद हुए है।काफी समय से यह लोग उस घर के अंदर जुआ खेल रहे थे।

पकड़े गए सभी आरोपी थाना पाकबड़ा क्षेत्र के रहने वाले हैं इनके कब्जे से अन्य सामग्री और 3 लाख 52 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

## एक नजर

# व्यापारियों ने जीएसटी की स्लेब कम करने पर लड्डू का किया वितरण



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से बर्तन बाजार में 21 किलोग्राम लड्डू का वितरण किया। व्यापारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को जीएसटी में व्यापारी समाज की और आम नागरिकों की मांग और जरूरतों के अनुरूप क्रांतिकारी सुधार 22 सितंबर से शुरू करने पर त्योहारों से पहले जो तोहफा 140 करोड़ देश वासियों को दिया है उससे छोटे और मझौले व्यापारी की बिक्री बढ़ेगी अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी आम आदमी को समान खरीदने पर टैक्स की बचत को वो अपनी अन्य जरूरतों पर खर्च कर सकता है। मसमे के लाभार्थी को भी इसका लाभ मिलेगा टैक्स की दरों में बड़ा अंतर होने से फर्जी बिलिंग के कारण जो समस्या आई टी सी क्लेम में उत्पन्न हो रही थी उसको भी रोका जा सकेगा।एक जैसे बनने और दिखने वाली वस्तुएं पर एक ही टैक्स का स्लैब लगाने पर चोरी और भ्रम दोनों पर लगाम लगेगी संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश सभी व्यापारी समाज की और से जीएसटी काउंसिल में शामिल सभी सम्मानित सदस्यों को जीएसटी विभाग के अधिकारियों के महत्वपूर्ण सहयोग और योगदान के लिए कोटि कोटि बधाई प्रेषित करता है और व्यापारी भाइयों से अनुरोध करता है कि सब रजिस्ट्रेशन कराकर ही व्यापार करे जिससे समय समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके और अपना उत्पाद बिल से टैक्स लगाकर ही बेचे और देश की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में अपना योगदान दे और देश में बनी वस्तुओं को ही खरीदे और बेचे जिससे विदेशों से आने वाले समान पर निर्भरता कम से कम हो सके।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता,सुनील अग्रवाल, सुधीर कंचल, विजय अग्रवाल, राजकुमार प्रजापति, सुप्रीत खन्ना मौजूद रहे।

# दिल्ली से घर के लिए चला छात्र लापता, पिता ने दी थाने में तहरीर



**कांठ।** थाना छजलैट के गांव चेत. रामपुर निवासी सलमान पुत्र मिजाज अली दिल्ली में अपने चाचा सरताज के यहाँ कई सालों से काम करता चला आ रहा था पहली सितंबर को वह चेतरामपुर आने के लिए दिल्ली से रवाना हुआ रास्ते में उसकी पिता से फोन पर बात भी हुई लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। इंतजार करके फोन लगाया तो उससे संपर्क नहीं हुआ परिवार के लोग उसे तलाशने के लिए निकल पड़े कहीं पता न लगने पर उन्होंने थाने में तहरीर देकर गुमशुदी दर्ज कराने की मांग की लापता के चाचा सरताज ने बताया की वह एक दो जगह पुलिस के पास गया भी तो उसे मामला अलग-अलग थाना क्षेत्र का बताकर वापस कर दिया गया पीड़ित ने अब दिल्ली में भी संबंधित थाने में तहरीर दिए जाने की बात कही है।

# आईएफटीएम को मिली भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एनआईआरएफ में सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआई आरएफ) -2025 में फार्मेसी श्रेणी में पूरे देश में 93 वां स्थान पाया है। जिन पैरामीटर के मूल्यांकन पर यह रैंकिंग निर्धारित होती है, उनमें टीचिंग, लर्निंग और रिसोर्स, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच और इंक्लूसिविटी एवं पियर परसेप्शन को शामिल किया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर वर्ष कई अलग-अलग मानकों के आधार पर कॉलेज और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है, जिसमें एनआईआरएफ द्वारा रैंकिंग निर्धारित करते समय शिक्षा की गुणवत्ता, फैकल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर, प्लेसमेंट जैसी बातों को महत्ता दी जाती है। विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ में मिली यह सफलता शिक्षण की गुणवत्ता, उत्कृष्ट शोध तथा उन्नत प्लेसमेंट के साथ यहां के अध्यापकों तथा कर्मचारियों के कठिन परिश्रम को परिलक्षित करता है। एनआईआरएफ एक भरोसेमंद रेटिंग प्रणाली है, जो संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रदर्शन और स्थिति की स्पष्ट तस्वीर प्रदान करता है।





इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में विश्व. विद्यालय ने एनआईआरएफ में भी अपना परचम लहरा दिया है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय को इंडिया रैंकिंग्स 2024 की फार्मेसी श्रेणी में रैंक बैंड 101-125 में स्थान प्राप्त हुआ था, जबकि इस बार विश्व. विद्यालय ने देश के प्रथम 100 फार्मेसी के उच्च शिक्षण संस्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में शोध का सुदृण वातावरण बनने के फलस्वरूप शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों की ओर से उच्च कोटि के शोधपत्र प्रकाशित होने के साथ ही शोध कार्यों में गुणवत्ता आई है। उन्होंनें जानकारी दी कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय वर्तमान वर्ष में मुरादाबाद परिक्षेत्र का एनआईआरएफ में रैंकिंग प्राप्त करने वाला इकलौता उच्च शिक्षण संस्थान हो गया है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि का श्रेय प्रतिकुलपति व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा को दिया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. पाण्डेय ने शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों, छात्र-छात्राओं समेत उनके अभिभावकों तथा अन्य सभी स्टेक होल्डर्स को बधाई देते हुए आने वाले समय में सफलता के उन्नत शिखर तक पहुंचने हेतु निरन्तर प्रयासरत रहने का संदेश भी दिया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी,, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राकेश कुमार यादव, डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. अरूण कुमार मिश्र समेत विश्वविद्यालय के अन्य समस्त स्कूलों के निदेशकों एवं फैकल्टी मैम्बर्स ने फार्मेसी संकाय की इस उपलब्धि हेतु हर्ष व्यक्त किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट एफआईआर दर्ज

**कांठ।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक से गांव में ही मारपीट कर दी गई लोग इकट्ठा हुए तो जान से मारने की धमकी देकर चले गए और झूठी चोट बनाकर पीड़ित को फसाने का प्रयास भी किया गया फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना कांठ क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी विजयपाल पुत्र श्यामा का आरोप है कि उसका पुत्र अर्जुन शाम करीब 6:00 बजे दवाई लेकर घर के बाहर आया तो गांव के छुट्टन गुलाब बद्धन व हरिराम ने उसे घेर लिया और पिछले मुकदमे के फैसले का दवाब बनाने को लेकर गाली गलौज और मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है की उक्त लोगों ने उसके एक पुत्र का पहले भी कत्ल किया है जिसका मुकदमा अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इसी का फैसला कराने के ऊपर उक्त लोग आए दिन दवाब बनाने का प्रयास करते रहते हैं। पीड़ित के मुताबिक शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बताया गया कि इस मामले में छुट्टन ने खुद ही अपने शरीर पर चोट बनाई और उन्हें झूठे मुकदमे में फसाने का भी प्रयास किया फिलहाल पुलिस ने विजयपाल की ओर से एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# टीएमयू में गणिनी प्रमुख की सेहत को लेकर नवकार मंत्र का जाप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के आठवें दिन उत्तम त्याग पर प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में समुच्चय पूजन, श्री शांतिनाथ जिनपूजा, सोलहकारण पूजन, दशलक्षण पूजा विधि-विधान के साथ हुए। साथ ही गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के स्वास्थ्य लाभ हेतु नवकार मंत्र का जाप भी किया गया। कुलाधिपति परिवार की ओर से जैन धर्म में माता जी के अनमोल योगदान का स्मरण करते हुए उनके जल्द से जल्द स्वास्थ लाभ की कामना की गई। उल्लेखनीय है, गणिनी प्रमुख ने जैन धर्म पर 200 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। उत्तम त्याग के दिन पूजा सामग्री बनाने वाले श्रावक-श्राविकाओं का स्वागत किया गया। प्रथम स्वर्ण कलश से तनिषा जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से श्री पार्थ जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से प्रो. विपिन जैन, चतुर्थ स्वर्ण कलश से श्री आदर्श जैन को अभिषेक का सौभाग्य मिला। प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का पुण्य डॉ. एसके जैन, डॉ. सम्यक माली, डॉ. योजश, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. सारांश, डॉ. समर्थ, डॉ. संयम, डॉ. नील, डॉ. अनिकेत, श्री वेदांत, डॉ. खुशी गांधी ने कमाया। द्वितीय रजत शांतिधारा का सौभाग्य श्री सुहित, श्री अनन्त, श्री अनिकेत, श्री प्रभास, श्री प्रांजल, श्री मोहित, श्री रिदम जैन को मिला। अष्ट कुमारी का पुण्य परी, खुशी, अंजलि, भूमि, प्रियांशी, वंशिका, खुशी, अक्षिता,



जेसिका जैन ने कमाया। तत्वार्थ सूत्र के अष्टम अध्याय का वाचन श्री मनीष जैन ने किया। उत्तम तप धर्म पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। दूसरी ओर रिद्धि-सिद्धि भवन में उत्तम तप धर्म की संध्या पर प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री ने कहा, आत्म शुद्धि के लिए इच्छाओं को रोकना तप है। मानसिक इच्छाएं सांसारिक पदार्थों में चक्कर लगाती हैं या शरीर के सुख-साधनों में केन्द्रिय रहती हैं। अत: शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिए बहिरंग तप किए जाते हैं। मन की वृत्ति आत्म-मुख करने के लिए अन्तरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म-शुद्धि के अमोघ साधन हैं। भोपाल की सचिन एंड पार्टी के संगीतमय भजनों- पत्थर की प्रतिमा प्यारी, पूजा करते नर-नारी, कैसी ये आतिशय कारी..., तुम ही हो माता-पिता तुम ही हो, तुम ही हो बंधु सखा तुम ही हो..., प्रभु आएंगे तो अंगना सजाएंगे, दीप जला के उत्सव हम मानेंगे..., तुम्हारे दर की छटा निराली, हमारे मन को लुभा रही है, तुम्हारी भक्ति, तुम्हारी पूजा हमारे मन को लुभा रही है..., संयम से बांध के डोरी ज्ञान की भर के तिजोरी..., प्रभु जी तुम हो चंदा, तो मैं हूं चकोर तुम्हारे दर्शन पाकर मेरा बोल उठा मेरा मन मोर..., मैंने सपना जो देखा पिछली रात को, ऐसे सपने ना देखे किसी रात को... पर श्रावक-श्राविकाएं भक्ति में नृत्य में झूमने लगे। उत्तम तप धर्म के दिन दिव्य घोष के बीच श्रीजी की आरती जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक ले जाने का सौभाग्य पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. आशु मित्तल, डॉ. आशीष सिंघई को मिला। संध्याकालीन कार्यक्रमों में फार्मेसी कॉलेज, पैरामेडिकल साइंसेज कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राओं की ओर से पद्म पुराण: एक गाथा नाटक का मंचन क्रिया। दीप प्रज्जवलन के बाद मंगलाचरण नृत्य के संग सांस्कृतिक संध्या का श्रीगणेश हुआ। इसके बाद स्टुडेंट्स ने रामायण के जैन संस्करण की प्रस्तुति दी। बालक श्रीराम की भूमिका निभाने वाले चार साल के अथर्व सिंघई ने णमोकार मंत्र का वाचन किया।

नाट्य प्रस्तुति में बताया, यह जैन रामायण आचार्य रविषेण द्वारा रचित और पद्म पुराण में वर्णित है। अंशी जैन और टीम ने संगीतमय नाट्य के जरिए जैन रामायण की बारीकियों का आस्थामय प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में जैन फेयरवेल के तहत वीसी प्रो. वीके जैन ने फार्मेसी, पैरामेडिकल, एग्रीकल्चर, फाइन आर्ट और एजुकेशन के अंतिम वर्ष के जैन स्टुडेंट्स को सम्मानित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इन कार्यक्रमों में प्रो. प्रवीण जैन, प्रो. एसके जैन, श्री विपिन जैन, प्रो. विपिन जैन, डॉ. विना. द जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. कल्पना जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती अंजलि सिंघई, श्रीमती विनीता जैन, डॉ. नम्रता जैन आदि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संच. ालन और संयोजन डॉ. आशीष सिंघई ने किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजनों के लिए लगेगा विशेष कैम्प

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य विभागों से सम्बंधित दिव्यांगजनों की योजनाओं का लाभ पात्र दिव्यांगजनों तक पहुंचाने के लिए हर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इन कैम्पों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को छोटे-छोटे कार्यों हेतु अलग-अलग दफ्तरों में भटकने से बचाना है। अब सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कैम्प में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना और शल्य चिकित्सा से संबंधित आवेदन कराए जाएंगे। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के माध्यम से राशन कार्ड से वंचित दिव्यांगजनों के आवेदन स्वीकार होंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाणपत्र/यूडीआईडी कार्ड एवं रेलवे रियायती प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही परियोजना अधिकारी (डूडा) और खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पात्र दिव्यांगजन को आवास योजना हेतु आवेदन कराएंगे। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक कार्यालय से रोजगार हेतु ऋण, पोस्ट पेमेंट बैंक में एनपीसीआई लिंक खाता खोलने तथा चालू बैंक खातों में एनपीसीआई मैपिंग का कार्य किया जाएगा। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाने और उसमें संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र दिव्यांगजनों के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कराकर पेंशन संस्तुति देंगे।

वहीं जीएमडीआईसी कार्यालय मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों के आवेदन कराएगा और योजना का प्रचार-प्रसार करेगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का विशेष वर्ग हैं, जिनके सम्मानजनक व आत्मनिर्भर जीवन के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संवेदनशीलता व तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। दिव्यांगजनों की समस्याओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। अगला विशेष कैम्प 06 सितम्बर 2025, शनिवार को गुन्नौर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

# नगरपालिका ने खम्भों पर लगी फ्लैक्सी व होर्डिंग्स हटाए



**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र में विद्युत पोलों पर जगह-जगह अवैध रूप से लगाए गए फ्लैक्सी व होर्डिंग्स पर गुरुवार को नगर पालिका प्रशासन ने सख्ती दिखाई। विभिन्न प्रतिष्ठान स्वामियों ने बिना अनुमति के बिजली के खंभों पर फ्लैक्सी टांग रखे थे, जिससे लाइनमैनों को मरम्मत कार्य करने में काफी दिक्कत हो रही थी। नगरपालिका द्वारा लगाए गए सैकड़ों खंभों पर स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं, लेकिन अवैध फ्लैक्सी के कारण उनमें दिक्कत आ रही थी। इस पर ईओ धर्मराज राम और सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। टीम ने खंभों पर लगी सभी फ्लैक्सी व होर्डिंग्स को हटवाकर जब्त कर लिया और उन्हें नगरपालिका के गोदाम में रखवा दिया।

# अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**चन्दौसी।** श्रीअक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चन्दौसी में बुधवार को प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज की प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात प्रबंध समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने शपथ ली और संस्थान के विकास, शिक्षा की गुणवत्ता तथा छात्राओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# मंडलीय लॉ कॉलेज एसोसिएशन का गठन अशोक अध्यक्ष व नफीसुल हसन फौजी बने उपाध्यक्ष



## कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह को बनाया गया संरक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में निजी लॉ कॉलेज के प्रबंधन संचालको एवं पदाधिकारी की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलीय लॉ कॉलेज एसोसिएशन गठन किया गया। सिसमे सर्व सहमति से कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह को संरक्षक व अशोक चौधरी को अध्यक्ष तथा नफीसुल हसन फौजी को एसोसिएशन का उपाध्यक्ष बनाया गया। निजी लॉ कॉलेज के संचालक को ने कार्यकारी का गठन किया गया। जिसमें अशोक कुमार मदन को सचिव उपाध्यक्ष के रूप में पवन कुमार तथा नफीसुल हसन फौजी को तथा कोषाध्यक्ष के रूप में अब्दुल करीम को जिम्मेदारी सौंप गई। लॉ कॉलेज में प्रवेश को लेकर चर्चा की गई एवं सभी के नाम पर सहमति व्यक्त की गई। शोभित शर्मा को मीडिया प्रभारी के रूप में चुना गया बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर बोल दिया गया जिससे की कॉलेज को मजबूती प्रदान हो सके बैठक में प्रवेश लॉ कॉलेज में प्रवेश को लेकर चर्चा के उपरांत रणनीति भी बनाई गई।

## गन्ना मंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान और

# उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वार्ता के दौरान उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गन्ना उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में सुधार हेतु बीज गन्ना उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) कानपुर और उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद (यूपीसीएसआर) शाहजहाँपुर के बीच संपन्न हुआ है। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मा.मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी की उपस्थिति में समझौते पर राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की निदेशक प्रो. श्रीमती सीमा परोहा तथा उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के निदेशक वी. के. शुक्ल ने हस्ताक्षर किये। उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने यह भी बताया कि विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मा. गन्ना मंत्री जी ने कहा कि एनएसआई अपनी 52 एकड़ कृषि भूमि पर अभिजनक बीज गन्ने का उत्पादन करेगा, जिसमें 20 एकड में शरदकालीन गन्ना रोपण और शेष क्षेत्र में वसंतकालीन गन्ना रोपण किया जाएगा। अगले चरण में एनएसआई अपने फार्म की अतिरिक्त भूमि का उपयोग बीज गन्ना उत्पादन हेतु करेगा। यूपीसीएसआर, एनएसआई को अभिजनक बीज की नर्सरी तैयार करने हेतु गन्ने की उन्नत किस्मों के बीज सक्षम स्तर से निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराएगा तथा वैज्ञानिकों द्वारा खेत का निरीक्षण कर आवश्यक तकनीकी सुझाव एवं मार्गदर्शन नि:शुल्क उपलब्ध कराएगा। तैयार बीज गन्ने को सक्षम स्तर से निर्धारित दरों के आधार पर आवंटन कर आपूर्ति किया जायेगा। इस अवसर पर गन्ना मंत्री जी ने कहा कि स्वस्थ्य एवं गुणवत्ता पूर्ण अभिजनक बीज के उत्पादन एवं देख-रेख हेतु एनएसआई के अधिकारियों/ कर्मचारियों को यूपीसीएसआर द्वारा नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए प्रतिवर्ष लगभग 15000 कु. अतिरिक्त ब्रीडर सीड उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से दोनों विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच परस्पर विश्वास व तकनीकी हस्तानान्तरण में तेजी आयेगी तथा उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज गन्ना उपलब्ध होगा, जिससे गन्ना उत्पादकता में वृद्धि, किसानों की आय में सुधार तथा चीनी उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता में मजबूती आएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव,महोदया, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास श्रीमती वीना कुमारी, आयुक्त गन्ना एवं चीनी,उ.प्र., श्रीमती मिनिस्ती.एस. व दोनो संस्थाओं/विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।









# नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है सरोवर नगरी की नयना देवी मां

■ ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्थापना दिवस पर शाह वंशज गर्भ गृह में करते हैं पूजा

■ 1880 में विनाशकारी भूस्खलन के कारण धवस्त हो गया था मूल देवी का मंदिर



**अफजल फौजी, नैनीताल।** उत्तराखंड में पुरातनकाल से ही मां नंदा देवी को कुल देवी का दर्जा प्राप्त है। नैनीताल स्थित मां नयना देवी को जहां मां नंदा देवी का प्रतिरूप माना जाता है। कुमाऊं में सबसे पुराने नंदा देवी मंदिर की मान्यता अल्मोड़ा के मंदिर को मिली है। लेकिन नैनीताल की नयना देवी मंदिर को भी भारी ख्याति मिली है। नैनीताल की नयना देवी मां नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। नैनीताल में वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में की गई इससे पूर्व यह मंदिर वर्तमान बोट हाऊस क्लब के पास था लेकिन 1880 में आये विनाशकारी भूस्खलन के कारण यह मंदिर धवस्त हो गया था। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में करने के बाद। मंदिर का स्वरूप विस्तार पाता चला गया। आज इस मंदिर के दर्शनों के लिए देश-विदेश से लोग यहां आते है। इस वर्श मंगलवार को नयना देवी मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्श श्री नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मां नयना देवी जन्मोत्सव व नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी बीते दिनों से मनाया जा रहा है।मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष मंदिर में ज्येशठ शुक्ल नवमी को विशेष पूजा होती है। स्थापना दिवस पर मंदिर के पुर्नसंस्थापक स्व. मोती राम शाह वंशज नयना देवी मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा करते है। मंगलवार को मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए उदय साह नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तैयारी की है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शाह वंशज गर्भगृह में नयना देवी की मूर्ति की विशेष पूजा करेंगे। इसके बाद हवन यज्ञ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मान्यता है कि कुमाऊं की ईश्ट देवी गौरी के साथ नंदा का आमन हुआ। नंदा चन्द वंशीय राजाओं की कुलदेवी है। कुमाऊं में नंदा के कई मंदिर है। जिनमें नैनीताल का नयना देवी मंदिर भी शामिल है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का त्रिऋषि सरोवर के रूप में उल्लेख होना इसकी पौराणिक महत्ता को दर्शाता है। दरअसल स्थापना दिवस के साथ ही नंदा देवी का जन्म भी ज्येशठ शुक्ल नवमी को माना जाता है। इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. मोती राम साह ने अंग्रेजों से सवा एकड़ भूमि लेकर की थी। पूर्व में यह मंदिर बोट हाऊस क्लब के पास था। 18 सितम्बर 1880 को आल्मा पहाड़ी में हुए भयंकर भूस्खलन के कारण मूल मंदिर ध्वस्त हो या था। लिहाजा इस मंदिर के अवशेषों को लेकर ज्येष्ठ शुक्ल नवमी कों स्व. शाह ने वर्तमान मंदिर की स्थापना की। पौराणिक महत्व प्राप्त इस मंदिर में स्थापित नयना देवी की प्रस्तर मूर्ति काले पत्थर की नेपाली शैली में बनी है। मंदिर परिसर में मंदिरों का आकार गौथिक व नेपाली पगौड़ा शैली में बने है। मंदिर परिसर में स्थित भैरव व नयना देवी मंदिर एक ही शैली में निर्मित है। जबकि नवग्रह मंदिर ग्वालियर शैली में निर्मित किये गये है। अपने सुन्दर स्वरूप में नैनी झील से लगे इस मंदिर के दर्शन ही औलिककता का अनुभव कराता है।

## नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता

**नैनीताल।** नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का जिक्र त्रिऋषि सरोवर के नाम से है। शिव पुराण के रूद्र सॅहिता के सती खंड के मुताबिक जब सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल हरिद्वार में महायज्ञ का आयोजन किया तो सती के पति भगवान शिव को इस यज्ञ में नही बुलाया। दरअसल दक्ष प्रजापति शिव-सती के विवाह से नाराज थे। पिता द्वारा शिव को नही बुलाये जाने पर क्रोधित सती महायज्ञ में पहुंच गई। जब महायज्ञ में हवन हो रहा था तो क्रोधित सती हवनकुंड में प्रवेश कर लिया। जिससे सती अर्द्धभस्म हो गई। जब इसका पता शिव को लगा तो वह तांडव करते महायज्ञ स्थल पर पहुंच गये। सती के अर्द्धभस्म काया को लेकर वह कैलास की ओर आ गये। शिव के इस रूप से चिंतित विश्णु भगवान ने सती की काया को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया। माना जाता है कि इस स्थान सती की काया का बांया आंख गिर गया। इस स्थान पर नयना अर्थात नैना के आकार की झील बन गई। इसी से प्रेरित नैना या नयना मंदिर स्थापित हुआ।

## गढ़वाल से कुमाऊं में शक्ति के रूप में किया है मां नंदा ने पर्दापण

**नैनीताल।** उत्तराखंड के गढ़वाल में देवी रूप में नंदा को पूजा जाता है। कुमाऊं में यही देवी नंदा-सुनंदा के रूप में पूजी जाती है। इतिहास में इसका रोचक वर्णन है। इतिहासविद् प्रो. अजय रावत के अनुसार जब 17 वीं शताब्दी में चन्द राजा बाजबहादुर के राज्य में रोहिलों व अंग्रेजों की ओर से राज्य हड़पने की कोशिश की जा रही थी तो राजा बाजबहादुर गढ़वाल के परमार वंशीय शासक पृथ्वीपद शाह से सहायता मांगने पहुंचे तब पृथ्वीपद शाह से राजा को यह भी ज्ञात हुआ की मां नंदा की पूजा करने के कारण उन्हें दुश्मनों का कोई भय भी नही है। गढ़वाल के राजा ने बाजबहादुर चन्द को सुझाव दिया कि वह नंदा की प्रतिमा को लेकर कुमाऊं में स्थापित करें। राजा प्रतिमा को लेकर जब गढ़वाल से लेकर बैजनाथ बागेष्वर पहुंचे और कोट नामक स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। जब सिपाहियों ने देवी प्रतिमा को उठाने की कोशिश की तो प्रतिमा दो भागों में विभाजित हो गई। तब राजा ने दोनों प्रतिमाओं को अल्मोड़ा में स्थापित करवाया और इन्हें नंदा सुनंदा का नाम दिया गया।

## शास्त्रों व पुराणों में भी है नंदा के नाम का उल्लेख

**नैनीताल।** मंदिर पुरोहितों का कहना है कि नंदा देवी का उल्लेख शास्त्रों व पुराणों में भी है। गिरीराज हिमाचल के यहां वह नंदा-सुनंदा के नाम से जानी जाती है, वहीं देवी संसार में सताकक्षी, शाकांबरी, दुर्गा, परारंबा, भीमादेवी व भ्रामरी आदि के नामों से पूजी जाती है। उत्तराखंड में परांबा ही नंदा देवी है। सती का नेत्र गिरने से वही नैना देवी कही गई। नैना के नाम से ही नैनीताल नाम हुआ। ताल का स्वरूप आंखों की तरह है यहां वह नयना देवी कहलाई।
























# सम्पादकीय

शुक्रवार, 5 सितम्बर 2025

## तर्कसंगत जीएसटी

केंद्र सरकार ने जो अब वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में जो सुधार किया है, उसका विपक्षी दल कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। नए सुधार में अब चार की जगह केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इस राहत के चलते आम जरूरत की चीजें साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी को लेकर काउंसिल की 56वीं मीटिंग में फैसला लिया गया है। इस मीटिंग की संख्या बताती है कि सरकार ने पहले भी इसमें सुधार करने की कोशिश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नए जीएसटी नियमों में राहत से दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इतना ही नहीं 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों की दवाएं टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम और तंबाकू प्रोडक्ट पर अब 28 की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह नया स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानि 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। होटलों के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी अब 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन वह तब है जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7.5 हजार रुपये या उससे कम हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जो नया स्लैब सरकार ने बनाया है, वह काफी सराहनीय है और इसमें आम आदमी का काफी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी सरकार की इस पहल को सही बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जनुपयोगी बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जीएसटी को लेकर काफी मुखर रही है और सरकार ने जिस तरह की नीतियां जीएसटी को लेकर बनाई थी उसकी आलोचना करती रही है। 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में भी कांग्रेस ने सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हालांकि कांग्रेस मानती है कि जिस जीएसटी का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, उसे कांग्रेस ही 28 फरवरी 2005 में लोकसभा में लेकर आई थी और 2011 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी यह विधेयक लेकर आए, तब भाजपा ने उसका विरोध किया था। खड़गे ने कहा कि आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाती है जैसाकि टैक्स वसूलकर उसने बहुत बड़ा काम किया हो। खड़गे ने यह भी बोला कि पिछले पांच सालों में आयकर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन खड़गे ने यह कहकर सरकार की सराहना भी की कि दूर आयद दुरुस्त आयद। आठ वर्ष बाद ही सही जीएसटी पर मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद खुली और उसने जागकर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की बात की। इसमें कोई दोराय नहीं कि कानून कितना भी अच्छा हो, नियम कितने भी अच्छे हों, अगर वह आम लोगों के हित में नहीं हैं, तो उनका कोई लाभ नहीं होता। सरकार भले ही जीएसटी का बचाव समय-समय पर करती रही हो, लेकिन इसको लेकर जो जटिलताएं थीं, विशेषकर छोटे व्यापारियों के लिए इसको लेकर सरकार का विरोध समय-समय पर होता रहा है। जानकार लोग भी जीएसटी की जटिलता को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।

### रोजगार से खुशहाली आती है



व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था, आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जब सुरक्षा का माहौल बनता है, तो निवेश आता है, निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं, रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया, बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## नबी की शिक्षाओं पर चलकर हो सकती है समाज की तरक्की

सैकड़ों वर्ष पूर्व शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 12 रबी-उल अव्वल 570 ई. को मक्का मुकर्रमा में कुरैश परिवार की एक साधारण और नेक महिला हजरत आमना के यहां एक ऐसा बालक भी पैदा होगा जो बड़ा होकर आखिरी नबी के रूप में न केवल मुसलमानों बल्कि इन्सानियत और ईमान में विश्वास रखने वाले हर इंसान के दिलों में राज करेगा और जिसके जीवन पर दुनिया में शोध चलता रहेगा। कौन नहीं जानता कि आज भी दुनिया हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की सुन्नतों पर शौध रहे हैं और दुनिया अपनी तरक्की के लिए उनकी सुन्नतों को अपना रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि खतना (सुन्नत) द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी एड्स से बचा जा सकता है तथा उनकी सुन्नत पर चलकर अन्य बीमारियों से भी बचा जा रहा है। मेरा मानना तो यह है कि सुन्नते रसूल जीने का एक ऐसा ढंग है जो शैतान को भी इंसान बना सकता है मगर अफसोस इस बात की है कि जिस नबी की सुन्नतों पर चलकर लोग जीने का ढंग सीखने मे लगे हैं आज उसी नबी में उम्मती इस्लाम को फिरकों में बांटकर खुद इस्लाम को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कोई शिया तो कोई सुन्नी और कोई देवबन्दी तो कोई बरेलवी बनकर अपनी पहचान बनाने में सक्रिय है। आखिर क्या कारण है कि एक इस्लाम, एक कुरआन और एक रसूल को मानने वाले सुन्नी और शिया क्यों हो गए। सुन्नी और शिया दोनों ही वाकयाए करबला के लिए यजीद को दोषी मानते हैं। फिर नबी की पैदाईश व वफात को लेकर मतभेद दोनों में क्यों? एक कुरआन एक नबी को मानने के बावजूद भी हम देवबंदी, बरेलवी, वहाबी आदि क्यों? क्या कभी हमने सोचा है कि सुन्नते रसूल पर हम चल भी रहे हैं या नहीं? क्या हम रसूल को शिक्षाओं को वास्तविक रूप से अपना रहे हैं या फिर हम सिर्फ रसूल की उम्मत में होने का ढिंढोरा ही पीटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं? जरा सोचिए क्या हम वास्तव म



सुन्नते रसूल पर चलकर स्वयं को विश्व का आदर्श नागरिक साबित क रहे हैं। उत्तर के लिए यदि स्वयं की आत्मा को खोजें तो आवाज यही आएगी कि हम नबी के आदर्शों पर नहीं वरन उनकी उम्मत में होने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि हम यह भली भाति जानते भी हैं कि नबी की पैदाईश से पहले दुनिया में अधिकतर लोग जाहलाना जीवन जी रहे थे। चारों तरफ पाप की दुनिया का विस्तार हो रहा था। लोगों को खुदा के बारे में सही जानकारी ही नहीं थी कि खुदा एक है और यह पूरी प्रकृति उसी की नियामत है। इस सब की सच्चाई बताने के लिए खुदा ने नबी को पैगम्बर बनाकर दुनिया में भेजा था। उनको नबुवत मिलते ही दुनिया खुदा को एक मानने लगी। पापों की जिन्दगी से अपना नाता तोड़ने लगी। भाई को भाई से प्यार बढ़ता गया। दुनिया में सच्चाई का आईना साफ होने लगा। मगर इस चौदहवीं सदी यानि कलयुग में फिर सब स्वार्थी हो गए और हमने मुहदम्मद स. की सुन्नतों को सिर्फ अपना सुरक्षा कवच समझ लिया, जबकि होना तो यह चाहिए कि नबी की सुन्नतों पर चलने वाला हर इन्सान फिर चौदह सो साल पुरानी नबी जिन्दगी को अपनाकर देखे तो निश्चित रूप से हमारा दीनी व दुनियावी विकास संभव हो सकेगा। मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल (विवाह) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा। इसलिए मैं यही कह सकता हूं कि वर्तमान सन्दर्भ में पैगम्बर-ए-इस्लाम के विच.ारों को प्रासंगिता पर य दि गंभीरता से विचार किया जाए,



अमीर खान

**मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल ( विवाह ) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा।**

तो एक ही जवाब आएगा कि हर समस्या का समाधान सुन्नत-ए। रसूल द्वारा सरलता से किया जा सकता है या यूं कहिए कि वर्तमान युग में जहां एक ओर भाई-भाई की जान का दुश्मन बन रहा है तो वहीं हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं पर चलकर जन-जन तक मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता, चिंतक व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं, मो. 9359207069)

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिए टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशास.निक अधिकारी बनाने का सपना संजोए रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामा.जिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा। राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।**

## जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक



योगेश कुमार गोयल

विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## शिक्षकों का प्रयास और रच दिया इतिहास



नदीम सिद्दीकी

बूंद बूंद से घड़ा भरना, ए कहावत हम सब ने अपने बचपन में पढ़ी है और कई बार सुनी भी है, लेकिन इसे वास्तविकता के धरातल पर उतार कर पूरा कर दिखाया है टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने। यह टीम अपनी एकता और सहयोग की भावना से आज सिर्फ रु. 15 के सहयोग से एक दुखी परिवार को 50 लाख रुपए से ज्यादा की रकम सिर्फ दस दिन में भेज देती है । हर महीने 20 शिक्षकों के परिवारों को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद इस टीम के प्रयास से की जा रही है। भारत में पहली बार कोई संस्था, इस प्रकार का पुनीत कार्य इतने बड़े स्तर पर कर रही है। आज उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में इस संस्था का विस्तार हो चुका है और शीघ्र ही भारत के अन्य राज्यों में यह सेवा और सहयोग का इतिहास रचने जा रही है ।

2020 में विश्व भर में कोरोना महामारी के बाद नए नए परिवर्तन और प्रयोग हुए हैं । उन्हीं दिनों एक बेहद सफल प्रयोग प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने किया जब उन्होंने अपने चंद साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक, डॉ. फरुख हसन, बबीता वर्मा, अंकिता शुक्ला, विवेक, सुमन, अनिल, अवनीश, अखिलेश, विपुल आदि के साथ मिलकर एक संस्था का निर्माण किया और उसका नाम टीचर्स सेल्फ केयर टीम रखा। संस्था का उद्देश्य था कि कोरोना महामारी के बाद इस संस्था से जुड़े शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करना। जब संस्था से मात्र 2000 शिक्षक ही जुड़े थे तब प्रयागराज के एक शिक्षक शकील अहमद का आकस्मिक निधन हुआ और वह भी इस टीम के सदस्य थे। संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों ने उनके परिवार को सीधे उनके खाते में मदद भेजी जो की पहली बार में ही साढ़े सात लाख रुपए से ज्यादा की थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में इस प्रकार की यह पहली मदद थी। जिस की तेजी के साथ पूरे प्रदेश में चर्चा हुई और टीम ने शिक्षकों को स्कूल में जा कर संस्था से जोड़ना शुरू कर दिया। वहां से शुरू हुआ यह सिलसिला, आज बड़े एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जो संस्था केवल 2000 शिक्षकों के साथ शुरू हुई थी, आज पांच साल बाद उत्तर प्रदेश में इसके चार लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर इससे जुड़े हैं। यही नहीं शिक्षा विभाग के क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुद.ेशक, शिक्षामित्र और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस संस्था के सदस्य हैं। यह सब हर महीने अपने दिवंगत शिक्षक परिवारों की मदद, सीधे उनके परिवार के खाते में पैसे भेज कर करते हैं। 5 साल के अल्पकाल में ही 396 शिक्षक परिवारों को लगभग 168 करोड़ से ज्यादा की मदद इस संस्था की अपील पर की जा चुकी है। माइक्रो मैनेजमेंट की बेहतरीन मिसाल के साथ बिना किसी स्वार्थ और पारदर्शी तरीके से यह संस्था, अपने सदस्यों के परिवारों की लगातार मदद कर एक नया इतिहास रच रही है । इस संस्था से जुड़ने के बाद केवल एक नियम का पालन करना होता है कि प्रत्एक सदस्य को हर महीने सहयोग करना जरूरी है। टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य की मृत्यु होने पर प्रदेश कोर टीम उस दिवंगत शिक्षक के सभी सहयोग चेक करके उसको वैधानिक घोषित करती है। साथ ही दिवंगत शिक्षक द्वारा बनाए गए नॉमिनी का अकाउंट नंबर अपनी वेबसाइट, एप और व्हाट्सएप के हर जिला ग्रुप पर जारी करती है। हर महीने की 15 तारीख को सहयोग शुरू होता है और 25 तारीख को खत्म हो जाता है। सभी सदस्य 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के अकाउंट नंबर में सीधे मात्र रु. 15 का सहयोग किसी भी एप द्वारा करते हैं और अपनी रसीद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की वेबसाइट पर अपलोड कर देते हैं। जिससे हर परिवार को 50 लाख से ज्यादा की धनराशि केवल 10 दिन में ही प्राप्त हो जाती है । इस तरह हर महीने कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा की रकम बेहद पारदर्शी तरीके से सीधे बीस परिवारों के अकाउंट में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां के दिवंगत शिक्षक के परिवार का सहयोग इस संस्था ने अब तक ना किया हो। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस संस्था की टीम निस्वार्थ भाव से अपना कार्य करती है जिसके लिए ना तो उसे कोई वेतन मिलता है ना ही कोई पारितोषिक मिल पाता है।



उनका इनाम मदद के बाद उन परिवारों के दुखी चेहरे पर आने वाली मुस्कुराहट है जिनका कमाने वाला इस दुनिया से चला जाता है और घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो जाता है। मुजफ्फरनगर जिले से डॉक्टर फरुख हसन, जो इस बड़ी संस्था में प्रदेश संगठन मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं, उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के भी आठ दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों का लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपए का सहयोग टीएससीटी द्वारा किया जा चुका है । अगले महीने दो और दिवंगत शिक्षक के परिवारों की लगभग एक करोड़ से ज्यादा की सहायता की जाएगी । संस्था की खासियत उसकी पारदर्शी व आसान व्यवस्था है । संस्था स्वयं अपने खाते में कुछ नहीं लेती बल्कि शिक्षक के परिवार का अकाउंट नंबर जारी करती है , जिसमें सदस्यों को खुद सीधे पैसा भेजना होता है। इस से व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। वेबसाइट पर अपने सहयोग को चौक किया जा सकता है। आने वाले समय में शिक्षकों की गंभीर बीमारी में मदद और शिक्षक की कन्या के विवाह में मदद की योजना भी संस्था के द्वारा शुरू की जा रही है।

आज उत्तर प्रदेश का कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां का कोई शिक्षक और कर्मचारी टीचर्स सेल्फ केयर टीम के साथ ना जुड़ा हो। प्रदेश के हर ब्लॉक में इस संस्था की टीम अपने कार्य को निस्वार्थ सेवा के भाव से अंजाम दे रही है। संस्था का सूत्र वाक्य आज का सहयोग, कल का सहारा, है। संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद का उद्देश्य है कि भविष्य में सिर्फ रु. 10 की मदद से एक शिक्षक के परिवार की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाए। जिसे पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी इस संस्था के से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। कहा जाता है कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है। यदि इस वाक्य को हकीकत में जानना है तो टीचर्स सेल्फ केयर टीम के कार्य को देखकर इसे बखूबी समझा जा सकता है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षकों के बीच बिना भेदभाव के वर्ग, जाति ,धर्म, भाषा, क्षेत्र की भावना से ऊपर उठकर एक ऐसे दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण किया है जो अपने किसी साथी के इस दुनिया से जाने के बाद, उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होकर उसे आर्थिक और मानसिक बल प्रदान करता है। यह अपने आप में एक मिसाल है जिसका कहीं कोई और उदाहरण नहीं है। शिक्षकों का यह व्यवस्थित और अनोखा कार्य देश और समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रस्तुतिः- आकाक्षी मेवाड़ी दिग्विजय सिंह बिष्ट (अफजल हुसैन फौजी)















